पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
वर्ष – 8 । अंक–263 । सागर, रविवार, 12 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र : हर वर्ग के लिए किए लोकलुभावन वादे

लाड़ली बहनों को पक्के मकान, प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार का वादा

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए आज अपना घोषणापत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। इसमें गरीबों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज यहां यह संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी का चेहरा सामने रखकर राज्य के मतदाताओं से वादे किए हैं।

संकल्प पत्र में लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार या स्वरोजगार देने, प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन के साथ दाल, सरसों का तेज और चीनी रियायती दर पर देने, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे। इसी तरह हर संभाग में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तर्ज पर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस शुरू करेंगे। पार्टी ने वरिष्ठ जनों और दिव्यांग नागरिकों को 6 सौ से बढ़ाकर 15 सौ रु. मासिक पेंशन देने की बात कही है। जबकि सौ रु. में 100 यूनिट बिजली देंगे। संकल्प पत्र में सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के साथ नाश्ता भी दिए जाने की बात कही गई है। भोपाल-इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने सहित कई वादे किए गए हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने किया

संकल्प पत्र में प्रमुख वादे

- हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार
- मुफ्त राशन के साथ दाल, सरसों का तेज और चीनी रियायती दर पर देंगे
- गेहूं 27 सौ रु., धान 31 सौ रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रु. प्रति बोरा दिया जाएगा
- मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा
- आयुष्मान योजना में इलाज पर 5 लाख रु. से ज्यादा खर्च होने पर प्रदेश सरकार खर्च उठाएगी
- हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2 हजार सीटें और जोड़ेंगे
- बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे
- जबलपुर और ग्वालियर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करेंगे

प्रदेश में उत्पादन, आय और अवसर बढ़े : नड्डा

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह पता नहीं होगा कि 20 साल पहले मध्यप्रदेश किस स्थित में था और उसे वर्तमान स्थिति में लाने के लिए भाजपा की सरकार ने क्या किया है। इसलिए प्रदेश के मतदाताओं और विशेषकर युवाओं को यह बता देना चाहता हूं कि प्रदेश में इन 20 सालों में उत्पादन, आय और अवसर बढ़े हैं। उनहोंने बताया कि 2003 में प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 0.61 प्रतिशत थी, जो आज 24 प्रतिशत पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि अनाज उत्पादन 159 लाख मीट्रिक टन था, जो आज 4 गुना बढ़कर 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उस समय प्रदेश में सिर्फ 7.68 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, अब सिंचित रकबा 47 लाख हेक्टेयर है। बुंदेलखंड में एक राष्ट्रीय परियोजना के तौर पर केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। श्री नड्डा ने कहा कि इस दीवाली पर रीवा में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है और इसकी वजह है किसानों की परचेसिंग पॉवर बढ़ना। ये इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने सिंचाई की सुविधाएं दीं, 16 प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले कृषि ऋण को 0 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराया। 2003 में राज्य की कुल आय 71 594 करोड़ थी, जो आज 13, 20000 करोड़ हो गई है। 2003 में प्रति व्यक्ति आय 11718 रुपए थी, जो 2023 में 1,40000 है। प्रदेश का बजट 14 गुना बढ़ा है। जीएसडीपी 19 गुना बढ़ा है। 2003 में प्रदेश में 60000 किलोमीटर सड़कें थी, जो आज 5 लाख किलोमीटर हो चुकी हैं।

जो नहीं कहा, वो भी किया

श्री नड्डा ने कहा कि हमने अपने वादों को तो पूरा किया ही है, वो काम भी किए हैं। मध्यप्रदेश मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराने वाला देश का पहला राज्य है। 63 सौ करोड़ के बजट से सीएम राइज स्कूलों की स्थापना और विकास का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भोपाल-इंदौर, भोपाल-बीना, जबलपुर-कटनी, सतना-सिंगरौली और मुरैना-ग्वालियर-शिवपुरी के बीच चार इन्वेस्टमेंट कॉरिडोर बन रहे हैं। लाडली लक्ष्मी योजना से बच्चियों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। लाडली बहना योजना ने भी महिला सशक्तीकरण के काम को आगे बढ़ाया है। इन योजनाओं के बल पर मध्यप्रदेश में आज लिंगानुपात 956 बालिकाएं प्रति 1 हजार बालक हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष दे रही है।

सार-समाचार

मोदी ने तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन गारू के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन गारू के निधन से गहरा दु:ख हुआ। वह सिनेमा जगत की एक महान हस्ती थे। उनके सशक्त अभिनय और अनूठे करिश्मे ने पीढ़ियों तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनके जाने से रचनात्मक जगत में एक खालीपन आया है, जिसे भरना कठिन होगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

केरल पुलिस ने अभिनेता सुरेश गोपी को समन भेजा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। केरल पुलिस ने एक महिला पत्रकार द्वारा मलयालम सुपरस्टार और भाजपा नेता सुरेश गोपी के खिलाफ गलत तरीके से छूने की शिकायत के बाद बुधवार को अभिनेता को कोझिकोड के नादाकावु थाने में बुलाया है। गोपी ने 27 अक्टूबर को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए महिला पत्रकार के सवालों का जवाब देते समय उनके कंधे पर हाथ रखा था। घटना के बाद पत्रकार संगठनों ने गोपी के अनुचित व्यवहार का विरोध किया और माफी की मांग की।

बद्रीनाथ में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी

बद्रीनाथ, एजेंसी। बद्रीनाथ धाम में दो दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि बद्रीनाथ में दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई। उत्तराखंड के चार धाम स्थलों में से एक बद्रीनाथ धाम बर्फ की चादर से ढंका हुआ है। इस बीच, बद्रीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर से बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 27 अप्रैल को खोले गए थे। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, 16 अक्टूबर तक चार धाम में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। साथ ही करीब 5 लाख 40 हजार वाहन भी चार धाम पहुंचे।

शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

अवकाश सूचना

दीपावली के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

मिजोरम में वोट डालने में पुरुषों से आगे रहीं महिलाएं

आइजोल, एजेंसी। मिजोरम विधानसभा चुनाव में 7 नवम्बर को पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं में वोट डालने को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने सभी 11 जिलों से अंतिम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण मिजोरम विधानसभा चुनाव में कुल 8.57 लाख मतदाताओं में से लगभग 80.66 प्रतिशत (6,87,334) ने 174 उम्मीदवारों (16 महिला उम्मीदवार सहित) की किस्मत का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

छग चुनाव के दूसरे चरण में रायपुर के रण में सूरमाओं की अग्नि परीक्षा

रायपुर, देशबन्धु। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान होने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस दौर में कितनी सीटें किसके पाले में गईं। इसके साथ ही सबकी नजर बची हुईं 70 सीटों पर है। दूसरे दौर में राजधानी के रण पर सबकी नजर होगी क्योंकि यहां प्रदेश की राजनीति में खासा दखल रखने वाले नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। जिले की छह सीटों पर कांग्रेस और एक पर भाजपा का कब्जा है।

रायपुर पश्चिम में भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है। जिले का सियासी गणित समझने के लिए शहर के रजबंधा मैदान स्थित किसी भी चाय की दुकान पर थोड़ा वक्त गुजारना पड़ेगा। एक दुकान पर मिले शिक्षक ने बताया लड़ाई इस बार कांटे की है। एक मतदाता ने रायपुर उत्तर में सिंधी समाज की नाराजगी से कांग्रेस को नुकसान बताया। रायपुर दक्षिण के कांग्रेस प्रत्याशी को मजबूत माना लेकिन उनकी सफलता पर संशय भी जाहिर किया। शहरी मतदाता रेवड़ी संस्कृति से नाराज हैं तो ग्रामीण इसे बड़ी राहत मानते हैं। एक ढाबे पर एक फैक्टरी कर्मी ने कहा बताया कि शहर के सभी विकास कार्य भाजपा के समय हुए। कांग्रेस राज में कोई नया काम नहीं शुरू हुआ।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता ने कहा कि कांग्रेस ने गांव और किसान का ख्याल रखा। हालांकि, बिजली बिल माफी और बेरोजगारी पर उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाई। रायपुर दक्षिण सीट से 1990 से लगातार सातवीं बार विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को आठवीं जीत से रोकने के लिए कांग्रेस ने दूधाधारी मठ के मठाधीश महंत रामसुंदर दास को मैदान में उतारा है। शहर में दोनों नेताओं की अच्छी पकड़ होने के नाते मुकाबला दिलचस्प है। समर्थकों का मानना है कि इस बार मुकाबला काफी करीबी होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी महंत रामसुंदर दास वर्तमान में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष हैं।

रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस ने सात बार के विधायक 80 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा की जगह बेटे पंकज शर्मा को यहां से उतारा है। 1985 में पहली बार चुने गए सत्यनारायण इस सीट से सिर्फ एक बार 2008 में हारे थे। उनके बेटे पंकज भी दो दशक से अधिक समय से संगठन से जुड़े हैं। भाजपा ने पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। यहां ओबीसी मतदाता निर्णायक हैं। रायपुर पश्चिम से भाजपा के पूर्व मंत्री रहे राजेश मूणत और कांग्रेस से वर्तमान विधायक विकास उपाध्याय आमने-सामने हैं। पिछले चुनाव में मूणत की लगातार तीन जीत का क्रम तोड़ते हुए विकास ने सफलता हासिल की थी। संसदीय सचिव विकास क्षेत्र में सक्रियता के चलते लोकप्रिय हैं।

धरसींवा सीट से कांग्रेस ने विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा का टिकट काटकर पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को उतारा है। उनके मुकाबले में भाजपा ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सितारे पद्मश्री अनुज शर्मा की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश की है।

मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं

आरंग सीट से इस बार मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं है भाजपा ने उनके खिलाफ सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के पुत्र गुरु खुशवंत सिंह को मैदान में उतारा है। गुरु बालदास पहले कांग्रेस में थे। वह इसी साल भाजपा के पाले में आए और बेटे को टिकट दिलाने में भी सफल रहे। क्षेत्र में सतनामी मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। रायपुर उत्तर से कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार कुलदीप जुनेजा को टिकट देकर सिंधी समाज की नाराजगी मोल ले ली है। नाराज अजीत कुकरेजा बागी होकर मैदान में हैं। वहीं, भाजपा ने छत्तीसगढ़ सर्व उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा पर दांव खेलकर जुनेजा को घेरने की कोशिश की है। समाजसेवी की छवि वाले पुरंदर के उड़िया समाज के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है।

कमलनाथ के खिलाफ इंदौर में लगे विवादित पोस्टर

इंदौर, एजेंसी। चुनावी माहौल में अब विवादित और आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की राजनीति शुरू हो गई है। इंदौर के पाटनीपुरा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ विवादित पोस्टर लगे। जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई और चुनाव आयोग को शिकायत की। इसके बाद एमआईजी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पोस्टर पर पंजाब में आंतकियों की फंडिंग से जुड़े आरोप लगाए गए थे। होर्डिंग में लगाने वाले का नाम मध्य प्रदेश युवा मंच लिखा गया है। शिकायत के बाद पोस्टर हटा लिए गए। नगर निगम ने संपत्ति विरुपण अधिनियम के तहत भी एक्शन लिया है, क्योकि जिस गेंट्री पर पोस्टर लगा था। वह नगर निगम की संपत्ति है औरर पोस्टर लगाने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से फुटेज भी खंगाले। पुलिस को पोस्टर लगाने वालों की जानकारी मिली है। पाटनीपुरा चौराहे के समीप गत शुक्रवार को कमलनाथ, आंतकवाद और पंजाब पर टिप्पणी करते हुए पोस्टर लगाया गया था। पोस्टर पर मध्य प्रदेश युवा मंच भी लिखा हुआ था। कांग्रेस की शिकायत के बाद सक्रिय हुए पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से पोस्टर लगाने वालों की जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार कुछ युवकों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हुई है। पोस्टर रात के समय लगाए गए थे। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश सिंह यादव का कहना है कि भाजपा बौखला गई है, इसलिए कमल नाथ की छवि गलत आरोप लगाकर धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस तरह के पोस्टर से धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की भी जा रही है। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद नगर निगम ने विवादित पोस्टर हटा लिए है। वहीं दूसरी ओर कमलनाथ शनिवार को निवाड़ी जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने अपने निवाड़ी विधानसभा और पृथ्वीपुर विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड आते हुए एक बात का बहुत दुख होता है, मैं केंद्र में मंत्री था और कांग्रेस की सरकार थी। हमने आठ हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज बनाया, आठ हजार करोड़ रुपए मध्य प्रदेश भेजे। लेकिन यह बुंदेलखंड पैकेज तो नहीं रहा, बुंदेलखंड घोटाला बन गया। आठ हजार करोड़ में से किसी को कौड़ी भर का भी फायदा नहीं हुआ।

राजस्थान में टिकट बंटवारे में महिला व युवा वर्ग घोर उपेक्षित

वादा 33 प्रतिशत आरक्षण का, टिकट 15 फीसदी भी नहीं

जयपुर, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दो सौ विधायकों वाली राजस्थान विधानसभा के चुनावों में महिला और युवा वोटरों की हिस्सेदारी 80 फीसदी से ज्यादा होगी। टिकट बंटवारे में ये दोनों ही वर्ग घोर उपेक्षित हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा टिकट 60 से ज्यादा उम्र के लोगों को बांटे गए हैं। ठीक यही स्थिति बीजेपी की भी है। काबिले गौर है कि पांच राज्यों में विधानसभा।

चुनावों के एलान से पहले देश में महिला आरक्षण को संसद में विधेयक का क्रेडिट लेने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जबरदस्त तकरार देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी तक ने भाषण देकर बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पार्टी की क्या सोच है, लेकिन विधानसभा चुनावों का एलान होते ही सियासी दावों और वादों की पोल खुल गई।



■ 81 विस क्षेत्रों में एक भी महिला प्रत्याशी नहीं

महिलाओं की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही कुल 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिए हैं। विधानसभा चुनावों से पहले संसद में महिला आरक्षण बिल पारित कराने वाली भाजपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए सिर्फ 20 महिलाओं को टिकट दिए हैं। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो इसने हालांकि 28 महिलाओं को टिकट दिए हैं।

राजस्थान की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल भले ही जोर-शोर से पास किया गया हो, लेकिन राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की ओर से महिलाओं को 15 प्रतिशत टिकट भी नहीं दिए गए हैं। वहीं, ऐसा लग रहा है कि स्वयं महिलाएं भी अभी मुख्य धारा की राजनीति में सक्रिय होने की बहुत ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि राजस्थान में चुनाव लड़ रहे कुल प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। प्रदेश के 200 में से 81 विधानसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है। देश में महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने हाल में ही नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया है।

भाजपा इसे जबरदस्त ढंग से भुना भी रही है। हाल ही में राजस्थान में पीएम मोदी की सभाओं इसका असर नजर भी आया, जहां महिलाओं को सभाओं की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, कांग्रेस ने भी इस बिल का समर्थन किया और यह दावा भी किया कि इसकी शुरुआत हमने ही की थी। कांग्रेस ने इस बात के लिए भाजपा की आलोचना भी की कि इस बिल का लाभ दस साल बाद देने की बात क्यों कही जा रही है। नीयत ठीक है तो इसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ इस बार है। पिछले चुनावों में भी स्थिति लगभग यही रही है। भाजपा की बात करें तो 2008 में 22, 2013 में 19 और 2018 में सिर्फ 17 महिलाओं को टिकट दिए।

मनावर की सभा में बोले अमित शाह

भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी



मनावर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

वरिष्ठ नेता श्री शाह ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के मनावर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कदम नहीं उठाए। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किए। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

श्री शाह ने इस अवसर पर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ही 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इस दिन पूरे देश में व्यापक आयोजन किए जाएंगे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की ओर से आदिवासियों के हित में उठाए गए कदमों के बारे में भी बताया। श्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और अन्य मुद्दों का भी जिक्र किया और कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान इन सभी मोर्चों पर मजबूती से कदम उठाए हैं। भाजपा ने जो भी कहा है, वो करके दिखाया है। चाहे वह धारा 370 से जुड़ा मसला हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से संबंधित मुद्दा हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीस वर्षों पहले कांग्रेस के शासन में क्या स्थिति थी, यह सबको पता है। तब सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी नहीं थीं। लेकिन 20 सालों में भाजपा ने इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में ला दिया। अब भाजपा इस राज्य को और अधिक विकसित बनाएगी। उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अलावा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी निशाने पर लिया और कहा कि इन नेताओं को अपने बच्चों को राजनीति में स्थापित करने की चिंता है। ये लोग राज्य के लोगों का हित कैसे कर पाएंगे।

सागर के कटरा नमक मंडी में कमलनाथ ने किया आमसभा को सम्बोधित, बोले

भाजपा शासन में शोषण और अत्याचार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान

मतदान से पहले कांग्रेस का वचन-पत्र पढ़ने की अपील

सागर, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटालों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के साथ शोषण और अत्याचार से प्रदेश के हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। कमलनाथ ने कहा कि बेरोजगारों के भविष्य की चिंता जताते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है, प्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है, आज का नौजवान स्वाभिमानी है, वह अपने हाथों को काम चाहता है, वह कोई ठेका या कोई कमीशन नहीं चाहता है।

वह आज सागर के कटरा नमक मंडी में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। कमलनाथ ने कहा नौजवान हमारे प्रदेश का भविष्य हैं, लेकिन अगर नौजवानों का भविष्य अगर खतरे में रहा तो कैसे प्रदेश का विकास होगा। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान कहते थे कि मैं एक लाख युवाओं को रोजगार दूंगा। तब मैंने उनसे कहा था कि आप एक लाख छोड़िए जो बैकलॉग के पद खाली पड़े हैं और उन्हें ही भर दीजिए, संविदा पर ही भर्ती कर दीजिए। उन्होंने कहा कि आपको शिवराज सिंह चौहान की नीयत को समझना होगा। वह पिछले कुछ महीनों में ढाई हजार घोषणा कर चुके है । कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने महंगाई , बेरोजगारी , चौपट अर्थव्यवस्था और घर-घर में शराब देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में घोटाले का कमीशन का विकास हुआ है।

कमलनाथ ने अपनी पिछली सरकार की उपलब्धियों को भी मंच से गिनाया, कहा कि आज आप के बिजली बिल देखिए और याद कीजिए जब हमारी सरकार थी तब हमने सौ यूनिट फ्री बिजली देने का काम किया था। कांग्रेस ने 11 महीने में 1 हजार गौशालाएं बनाई थी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3 सौ से बढ़कर 6 सौ किया था, जो कि अब सरकार आने पर 12 सौ करने वाले हैं। उन्होंने सवाल किया कि पिछले 18 सालों से बहनों का ध्यान नहीं आया, लेकिन चुनाव आते ही बहनें लाड़ली हो गईं, उन्हें लगता है कि हम प्रलोभन दे देंगे और वह हमें वोट दे देंगी। कमलनाथ ने कांग्रेस के वचन पत्र में की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी के भविष्य का नहीं बल्कि यह प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, इसलिए मतदान के पहले कांग्रेस का वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखिएगा। स्वागत भाषण में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने भाजपा विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने मंच संचालन करते हुए कहा कि भाजपा तो स्कूलों को व्यवसायिक परिसर बनाकर नौनिहालों के भी अधिकार छीन रहीं है।

कांग्रेस ने महिलाओं को बढ़ाया मान

कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती निधी सुनील जैन ने कहा कि सागर तालाब की भाजपा ने व्यवस्था की है, हम उसका पुनरुर्धार करेंगे। सागर स्मार्ट सिटी में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है सागर जिले में कमलनाथ ने 4 महिलाओं को टिकट देकर महिला समाज का मान बढ़ाया है, हम महिलाओं की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

भाजपा छोड़ी, कांग्रेस में हुए शामिल

3 निर्दलीय प्रत्याशियों नीरज रैकवार, मो. फारूक खान और रिजवान बेग ने कांग्रेस प्रत्याशी निधी सुनील जैन को समर्थन दिया। जबकि बसपा छोड़कर आए संतोष प्रजापति ने बसपा छोड़कर अपने साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। वहीं पूर्व पार्षद पंकज सोनी और अरबाज खान ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली। भाजपा सरकार में जैन समाज के संतो का अपमान किया जा रहा है।

जनसभा के संचालन में सहयोगी डॉ. संदीप सबलोक रहे। आभार चक्रेश सिंघई ने जताया। जबकि चुनावी सभा को संचालक पं संतोष पाण्डेय, रेखा चौधरी, जगदीश यादव, सुरेंद्र चौबे, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे एवं महेश जाटव ने भी सम्बोधित किया। मंच पर प्रभारी अंजुसिंह बघेल, सुरेन्द्र रघुवंशी, डॉ. आनंद अहिरवार, अशोक श्रीवास्तव, मुकुल पुरोहित, अमितराम दुबे, अंकलेश्वर दुबे, अभिषेक गौर, पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर कांग्रेस ने मनाई दीवाली

बेटियों और नागरिकों के साथ निकाली कलश यात्रा

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस दीपावली के एक दिन पहले छोटी दीपावली पर अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई। राजधानी में तलैया स्थित कालीमंदिर चौराहे से नीलम पार्क, लिली टॉकीज, पुलिस 7 वीं वाहिनी रोड होते हुए खटलापुरा मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों बेटियों के साथ कांग्रेसजनों और आम नागरिक शामिल हुए। भोपाल में जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव और मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से जीत का दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार आएगी, इसलिए समूचा मध्यप्रदेश कह रहा है कि अबकी दीवाली कांग्रेस वाली। हर घर में उम्मीद की एक रोशनी जगमगा रही है। समूचे मप्र में इस बार दीपावली की अभिभूत कर देने वाली रौनक दिखाई दे रही है। मप्र कांग्रेस द्वारा 'अबकी दीवाली कांग्रेस वाली' थीम के साथ यह आयोजन किया गया है। इस आयोजन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुश्री नेटा डिसूजा, अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं आईटी व सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, अभय दुबे, श्रीमती विभा पटेल, जे.पी. धनोपिया, संजीव सक्सेना, संतोष कंसाना, अभिषेक शर्मा, सहित हजारों बेटियां, कांग्रेसजनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। इसी प्रकार इंदौर में भी आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई गई। इंदौर में आयोजित आयोजन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा, कांग्रेस नेता पंकज संघवी सहित शहर के प्रमुख नेता शामिल हुए।

सिहावल में घिर गये हैं कमलेश्वर

- **सीधी से नरेन्द्र कुमार मौर्य**

सीधी, देशबन्धु। सिहावल क्षेत्र के बड़े नेता और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल को पहली बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। 2013 में पिता इंद्रजीत पटेल की मृत्यु के बाद सहानुभूति लहर में वे बड़े अंतर से जीते थे। फिर 2018 में भाजपा से टिकट न मिलने पर विश्वामित्र पाठक ने निर्दलीय चुनाव लड़ा तो कमलेश्वर पटेल की जीत आसान हो गई, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। भाजपा ने अपनी गलती सुधार कर विश्वामित्र को उम्मीदवार बनाया है और वे शुरू से ही कांग्रेस प्रत्याशी पर भारी पड़ रहे हैं।

अमिलिया गांव के हरीश चंद्र गंभीर बात कहते हैं। उनके मुताबिक कमलेश्वर अपनी विरासत संभाल नहीं पा रहे हैं। उनमें अहंकार आ गया है, वे लोगों से नहीं मिलते। दूसरी तरफ उन्होंने बस अपने परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ाया है और इस कारण उन्हें नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिये उनके भाई जिला पंचायत उपाध्यक्ष और बहू जनपद अध्यक्ष हैं। हरीश बताते हैं कि 2008 में विश्वामित्र पाठक ने इंद्रजीत पटेल को हरा दिया था। अब कमलेश्वर का भी सामना उसी विश्वामित्र से है।

तितली गांव के मोहम्मद अबरार भी इसी बात की तस्दीक करते हैं। उन्होंने कहा कि पटेल को दो बार मौका देकर देख लिया, वे काम नहीं करते। पाठक जी अच्छे आदमी हैं, वे जीत जाएंगे। जगदीश साहू ने भी पाठक के जीतने की संभावना जताई। तितली के ही बंशमणि ने कहा कि पटेल को हराना मुश्किल है। माहौल कांग्रेस का ही है। लोग सरकार बदलना चाहते हैं इसलिए इस बार फिर पटेल जीत जाएंगे और सरकार में मंत्री बनेंगे। दिनेश पटेल कहते हैं कि कोई भी जीत जाये, काम तो किसी को नहीं करना है। वैसे यहां कड़ा मुकाबला है। बहुत कम अंतर से हार-जीत होगी।

मायापुर डढ़िया के रामदास साहू ने कहा कि कांटे की टक्कर है। पाठक ने अच्छी पकड़ बनाई है, मगर पटेल भी कमज़ोर नहीं है। हरिनारायण ने कहा कि भाजपा ने हालत टाइट कर रखी है। जीत-हार का अंतर बहुत कम होगा। यही बात लक्ष्मी प्रसाद साहू ने भी कही। उन्होंने कहा कि पाठक अच्छी टक्कर दे रहे हैं। मायापुर के ही इंद्रकमल को उम्मीद है कि इस बार फिर कमलेश्वर जीत जायेंगे, क्योंकि हर वर्ग से उनका मेल जोल है। वे सबको पहचानते हैं, हरिजन, आदिवासी पिछड़े और सामान्य वर्ग के सभी लोगों से बराबर का रिश्ता रखते हैं।

बहरी गांव के सत्यम कहते हैं कि परिवर्तन होना चाहिए। पाठक जी की स्थिति अच्छी है। पिछली बार वे निर्दलीय लड़े थे, तब भी उन्हें 30-35 हज़ार वोट मिल जाए थे। इस बार वे सीट निकाल लेंगे। अशोक कुमार ने कहा कि लोग कमलेश्वर पटेल से नाराज़ ज़रूर हैं, लेकिन वे सीट निकाल लेंगे। लोग सरकार बदलना चाहते हैं इसलिए पटेल को माफ़ कर देंगे। हो सकता है उनकी जीत का अंतर घट जाये।सीधी के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक सोमेश्वर सिंह कहते हैं कि सिहावल में स्थिति संघर्षपूर्ण है। यहां से सात बार इंद्रजीत पटेल विधायक रह चुके हैं। दो बार से उनके बेटे विधायक हैं, लेकिन इस बार उनके प्रति लोगों में आक्रोश है। उनका कुनबा बड़ा है, वे 11 भाई हैं। उन्होंने हर जगह अपने परिवार को ही आगे बढ़ाया, चाहे जिला पंचायत हो या जनपद। जबकि इंद्रजीत पटेल हर लिहाज से बड़े नेता थे। वे पिछड़े वर्ग को साथ लेकर चलते थे और ब्राम्हणों को सम्मान देते थे। समाज में सबके साथ उनका उठना-बैठना था। कमलेश्वर में ये खूबियां नहीं है इसलिए लोगों में नाराज़गी है। उनके हक में एक ही बात है कि लोग सरकार बदलना चाहते हैं, इसलिए अंत में दो-चार हज़ार मतों से जीत सकते हैं।

भाकपा 9 सीटों पर चुनाव मैदान में, संकल्प पत्र जारी

Communist Party of India
म.प्र. परिषद
M.P. State Council

भोपाल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) 9 सीटों पर चुनाव मैदान में है। पार्टी ने चुनाव हेतु जनता के बुनियादी हितों से जुड़े मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति करते हुए अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के मध्य प्रदेश राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली और सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड सत्यम पांडे ने यहां पत्रकार वार्ता में पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भाकपा की जनता से अपील है कि भाजपा की हार सुनिश्चित करें और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उपस्थिति सुनिश्चित करें। भाकपा के संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं में सबके लिए एक समान ,गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क शिक्षा ,राज्य के बजट में 6 प्रतिशत का प्रावधान करना, सबके लिए सम्मानजनक रोजगार की गारंटी ,संविदा प्रथा की समाप्ति ,संविदा कर्मियों का नियमितीकरण ।समान काम का सामान वेतन सुनिश्चित करना, सबके लिए न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए, चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थाई सरकारी नियुक्ति कर ठेकेदारी प्रथा समाप्त करना, राज्य परिवहन निगम पुनः शुरू करना, सबके लिए निशुल्क ,सम्मानजनक आवास की गारंटी, व्यापक भूमि सुधार, प्रत्येक भूमिहीन परिवार के लिए 10 एकड़ जमीन का म्मालिकाना हक प्रदान करना, कृषि लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य प्रदान करना, व्यापक चुनाव सुधार करना, ईवीएम को निरस्त करना और समानुपातिक प्रणाली से चुनाव करवाना, सबके लिए गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना, हिंसा से मुक्ति, महिलाओं ,बच्चों, दलितों, आदिवासियों और अल्प संख्यकों की सुरक्षा की गारंटी, शहरी क्षेत्रों में भगतसिंह रोजगार गारंटी कानून लाकर सभी के लिए रोजगार की गारंटी प्रदान करना, भोपाल के सभी गैस पीड़ितों को अधिकतम मुआवजा, निशुल्क चिकित्सा, निराश्रितों को 3 हजार रुपए प्रति माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना शामिल है।

यह प्रत्याशी चुनाव मैदान में

ग्वालियर- कौशल किशोर शर्मा, गुढ़ -लालमणि त्रिपाठी, चुरहट- आनन्द पाण्डे, सिंगरौली- महेश प्रताप सिंह, देवसर - शिवकली साकेत, बड़वारा - सुरेश कौल,बैहर - अशोक मसीह, नरेला - अमीनुल हक सिद्दीकी, राजपुर - सुखलाल गोरे ।

'रोड नहीं तो वोट नहीं' : ग्रामीणों की धमकी से मचा हड़कंप

आनन फानन में सड़क बनवाने पहुंचा प्रशासन, माकपा प्रत्याशी को लिया हिरासत में फिर छोड़ दिया

●नरेन्द्र कुमार मौर्य

रीवा, देशबन्धु। चुनाव के दौरान सड़क बनाने की कोशिश को लेकर एक प्रत्याशी की प्रशासन से झड़प का मामला चर्चा में है। यह मामला सिरमौर के निवर्तमान विधायक और भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के चुनाव क्षेत्र का है। यहां एक गांव है बेसनपुर्वा, जहां से रीवा जाने का सीधा रास्ता नहीं है, घूमकर जाना पड़ता है। जब दिव्यराज सिंह प्रचार के दौरान यहां पहुंचे तो लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगा दिया। इससे वे परेशान हो गए और उन्होंने सरकारी अधिकारियों को इस काम पर लगा दिया।

सिरमौर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि शुक्रवार को एसडीएम सोनाली देव अपने अमले के साथ यहां रोड बनवाने पहुंची थीं। हमने कहा कि इस रोड़ में हमारी पट्टे की ज़मीन आ रही है। कुछ और लोगों की भी ज़मीन भी आ रही है। उनके पड़ोसी ने इसके खिलाफ स्थगनादेश भी लिया हुआ है, इसलिए अभी यहां निर्माण नहीं हो सकता और यह आचार संहिता के भी खि़लाफ़ है। श्री दुबे ने बताया कि यह सुनते ही एसडीएम नाराज़ हो गईं और कहा कि इतने मुकदमे लाद दूंगी कि गिनती भूल जाओगे। तुम विधायक के काम में रोड़े अटका रहे थे। तुम्हें सबक सिखाना ही पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने कांति कुमार दुबे को हिरासत में ले लिया। लेकिन जब वे उन्हें ले जाने लगीं तो गांव के लोगों ने घेर लिया। ग्रामीणों के दबाव के चलते उन्हें कांति कुमार दुबे को छोड़ना पड़ा।

सीपीएम के वरिष्ठ नेता बादल सरोज कहते हैं कि यह सिर्फ़ निजी ज़मीन पर सड़क बनवाने का मामला नहीं है बल्कि चुनाव प्रचार के दौरान सड़क बनवाने का है, वह भी उस विधायक की ज़मीन पर, जो सीपीएम प्रत्याशी भी है। तीन दिन पहले भी उन्होंने सीपीएम प्रत्याशी और उनके समर्थकों की गाड़ियों से झंडे नोंचने का काम किया था। बादल सरोज ने कहा कि सुश्री देव सिर्फ एसडीएम नहीं हैं, सिरमौर विधानसभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी भी हैं। इन जैसी मानसिकता के चुनाव अधिकारियों के रहते चुनाव कितने निष्पक्ष होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

सीपीएम प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

उधर एसडीएम सोनाली देव से जब फ़ोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि सीपीएम वहां लोगों को डरा धमका कर भय पैदा कर रही है। वहां मतदान को लेकर कुछ दिक्कत की ख़बर मिली थी इसलिए शासकीय आदेश पर हम स्थिति का जायजा लेने गए थे, न कि रोड बनवाने। उन्होंने कहा कि लोगों ने लिखित में दिया है कि कोई दिक्कत नहीं है, वे मतदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क जहां बननी है, वहां किसी की ज़मीन नहीं आ रही है। उसे सरकारी जमीन पर ही बनना है। प्रस्तावित सड़क के किनारे सात लोगों की ज़मीन है। उनमें समझौता हो गया है। पारसनाथ जी ने लिखित में दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीएम यहां माहौल खराब कर रही है।

इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें कांति कुमार दुबे स्थगनादेश की बात करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर लगता है कि कुछ मामला तो है लेकिन ग्रामीणों के इकट्ठे हो जाने के कारण अधिकारी कामयाब नहीं हो पाये।

धार में क्या कायम रहेगी भाजपा की धार !

●सुनील शर्मा

धार, देशबन्धु। *धार विधानसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। यहां कांग्रेस की प्रभा गौतम एवं भाजपा की नीना वर्मा तो आमने-सामने हैं ही, दोनों पार्टियों के बागी भी मैदान में हैं। इन सभी उम्मीदवारों को जनता अपनी कसौटी पर कस रही है। आइये डालते हैं एक नज़र*

1. नीना विक्रम वर्मा : नीना वर्मा की मुख्य पहचान भाजपा के स्थापित नेता विक्रम वर्मा की पत्नी के रूप में है। चार दशकों से भी लम्बे श्री वर्मा के राजनीतिक करियर में कोई दाग नहीं लगा है। उन्होंने मैदानी कार्यकर्ताओं की फौज तैयार की है हालांकि उन पर यह आरोप भी है कि जिस भी कार्यकर्ता से इन्हें खतरा महसूस हुआ, उसका राजनीतिक वजूद खत्म करने में उन्होंने देर नहीं की। इनकी यही कार्यशैली इस चुनाव में इनके सामने गंभीर समस्या बनकर खड़ी हो गई है।

2. राजीव यादव : *राजीव यादव ने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र-राजनीति से की। विद्यार्थी परिषद में इन्होंने अपनी संगठन शक्ति का परिचय दिया है। ये 10-15 वर्षों से शहीद दिवस पर मशाल यात्रा निकाल रहे हैं। इसके अलावा कावड़ यात्रा से इन्होंने अपनी हिंदूवादी छवि भी बनाई है। दूसरे नेताओं के उलट राजीव यादव ने वर्मा जी के सामने समर्पण करने के बजाय अपनी कार्यशैली एवं संगठन क्षमता के बल पर भाजपा के जिला अध्यक्ष बने, वर्मा जी के विरोध के बावजूद धार नगर पालिका को अपनी मुट्ठी में रखा और वर्मा विरोधियों को एकजुट किया। वे परिवारवाद का मुद्दा उठा रहे हैं और जनता में भी यह चर्चा है कि पार्टी, वर्मा परिवार के अलावा अन्य नेताओं को मौका क्यों नहीं देती। युवा मतदाताओं पर राजीव यादव का प्रभाव देखने में आ रहा है।*

3. कुलदीप बुंदेला : *कुलदीप बुंदेला को राजनीति उनके पिता मोहन सिंह बुन्देला से विरासत में मिली है। स्व. बुन्देला उनके कार्यों, संगठन क्षमता एवं अपने समर्थकों के पीछे खड़े रहने के लिये याद किया जाता है, हालांकि इस परिवार पर यह आरोप भी लगता रहा है कि ये चुनाव के समय कांग्रेस के मतदाताओं को भाजपा की तरफ मोड़ देते हैं। जनता में इनकी पहचान फूल छाप कांग्रेसी की हो गई है, लेकिन इस बार कुलदीप खुद मैदान में हैं तो भाजपा को विपरीत परिणाम देखने को मिल सकता है।*

4. प्रभा गौतम : *इस बार फिर से कांग्रेस ने अपना विश्वास गौतम परिवार पर जताया है। उन्हें विधायक रहे अपने पति बालमुकुंद गौतम और जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में बेटे मनोज के कामों का फायदा मिल सकता है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कुलदीप सिंह बुन्देला की है लेकिन भाजपा के बागी प्रत्याशी राजीव यादव की रैलियों व सभा में जो भीड़ आ रही है, यदि वह वोटों में तब्दील हो जाती है तो प्रभा गौतम की राह आसान हो सकती है।*

इस चुनाव में ख़ास बात यह भी है कि भाजपा के पुराने जनाधार वाले नेताओं - जिसमें पूर्व विधायक करण सिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष अनन्त अग्रवाल, पीथमपुर नगरपालिका अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल और कई मण्डल अध्यक्ष शामिल हैं, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की परेशानी बढ़ा दी है। निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव को प्रभावित करेंगे। इसलिए यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भाजपा यहां अपनी साख बचा पाएगी ।

दीपावली
की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शिमला स्वीट्स
सर्वोदय चौराहा, बीना
प्रो.- मोनू जैन

दीपोत्सव पर्व पर समस्त नगरवासियों
को हार्दिक शुभकामनायें ...
सोमेक्षा फिजियोथेरेपी क्लीनिक
8 वर्षों से आपके बीना में निरंतर सेवा
उपरांत अब हुआ और भी एडवांस जैसे
इलेक्ट्रिक मशीन एवं कसरत के साथ मेनुअल
थैरेपी, कपिंग कायरो थैरेपी भी उपलब्ध
डॉ. मनीषा सिंह राजपूत
कन्सलटेन्ट फिजियोथैरेपिस्ट
(बी.पी.टी., एम.पी.टी., सी.एम.टी.)
(I.A.P.W.C)
Visiting Consultant
(vkborl hospital)
9.45 am to 12.45 pm
Time : 3 pm to 7.30 pm
Email : manishaparihar209@gmail.com
शारीरिक समस्याएं : लकवा, सायटिका, फ्रोजन शोल्डर, डिस्क स्लीप, सेरेबल पालसी, जोड़ों का दर्द, अर्थराइटीस, गर्दन दर्द, कमर दर्द, फ्रेक्चर के बाद की जकड़न एवं दर्द
स्थान - होटल गोमती नंदन के सामने, पुष्प बिहार कॉलोनी
बीना, जिला-सागर (म.प्र.) मो.- 9685741282

दीपावली पर्व की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वास की परम्परा A-1
ए वन ज्वेलर्स
खुरई रोड, गल्ला मंडी के सामने, बीना
महेन्द्र कुमार
प्रमोद कुमार सराफ इटावा बीना

दीपावली पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश सेदपुर
मंत्री-श्री नाभि.दिग.जैन
हितो. सभा बीना
श्रीमति आशमा जैन
समाजसेवी
बीना

दीपावली पर्व की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरिहंत ऑनलाइन ई-पंजीयन

रजिस्ट्री एवं
ई-स्टाम्पिंग
केन्द्र
पता
तहसील कार्यालय
के सामने
बीना
जिला-सागर
निक्की जैन
9685314819
विपुल जैन
8602762959

दीपावली की सभी नगरवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.- अलंकार पेट्रोल पंप
अम्बेडकर तिराहा
सहयोगी प्रतिष्ठान
अलंकार ज्वेलर्स महावीर चौक, बीना

दीपावली पर्व
की सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं
शाह मेडीकल स्टोर
इटावा बाजार बीना
सुलभ शाह
(वासू)
मो.-9893252936

अंग्रेजी, आयुर्वेदिक एवं पशुओं की दवाईयों के
थोक एवं फुटकर विक्रेता

दीपावली पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
एस.के.बेकरी बेकरी एण्ड फास्ट फूड्स
पेस्टीज, ब्रेड, पेटीज, शाकाहारी केक शॉप
कुकीज, पॉव, पीजा, बर्गर, सेंडविच, आइस्क्रीम
सभी प्रोडक्ट एस.के. बेकर्स में ही बनाये जाते हैं।
सौ.- स्टेशन रोड, केनरा बैंक के बाजू में कॉलेज तिराहा, बीना
लक्ष्मीनारायण कुशवाहा M.- 9584337533, 7000737392

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

विजय हुरकट
वरिष्ठ भाजपा नेता, बीना
गौतम हुरकट
संचालक-विजयश्री गैस एजेंसी
कच्चा रोड, बीना

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

रोहित जैन
युवा कांग्रेसी नेता
छोटी बजरिया बीना

दीपावली पर्व
की सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं

संदीप जैन
(पड़रिया)
अध्यक्ष - अनाज तिलहन
व्यापारी संघ, बीना

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सी.एस.कन्स्ट्रक्शन
चैनसिंह ठाकुर
सरकारी ठेकेदार (बीना)

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री हरिदर्शन ज्वेलर्स
महावीर चौक बीना
प्रो.-राजकुमार सोनी
मो.-9826778380

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
निहारिका साड़ी सदन (बाटावाले)
एक्सक्लूसिव साड़ी शो रुम
मे. अवि ट्रेडर्स UltraTech CEMENT The Engineer's Choice
अधिकृत विक्रेता : अल्ट्राटेक सीमेन्ट
राजेश जैन मो.- 9425135001,
7869337501 फो. 07580-224732
सागर गेट के सामने, स्टेशन रोड, बड़ी बजरिया बीना

दीपावली की हार्दिक
शुभकामनाएं

पी.एन. अहिरवार
वरिष्ठ भाजपा नेता, बीना जिला-सागर

HOTEL KALASH
Lodging & Boarding
Home Delivery, Kity Party, Birthday Party, Outdoor Catering, Fair well Party, Get together Party
Near Railway Gate Khurai Road, Bina
मो.- 9755165591, 9174165591
दीपावली की समस्त
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली पर्व की
सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
* बवासीर * भगन्दर * हाइड्रोसील
माता क्लीनिक
डॉ. एस.के.विश्वास
पुलिस थाने के पीछे, शा.पुत्री शाला के सामने
सीरोठिया गेट के पास नरसिंह मंदिर रोड बीना
मो.- 7582944688

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं ...

तिरुमुरगन ट्यूबवैल
खुरई रोड, होटल साहनी, बीना
प्रो.-बृजेन्द्र सिंह राजपूत
खिरिया वार्ड, बीना
आदर्श राजपूत मो.- 9754139100, 9039844311

1008 श्री मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर
जैन मंदिर छोटी बजरिया बीना

प्रदीप जैन
दीपावली पर्व
की सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकमनाएं
अपना ज्वेलर्स
विश्वास का प्रतीक

आपकी पसंद के सोने व चांदी
के आभूषणों के विक्रेता
प्रो. बालकृष्ण पटेल
(बरमान वाले)
M. 9770047931 9165711829

आभाषश्री TVS कच्चा रोड, बीना
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
टीव्हीएस चलाएं पेट्रोल बचाएं
तुरंत फाइनेंस सुविधा
न्यूनतम ब्याज दर पर
न्यूनतम डाउन पेमेंट पर
आसानी से उपलब्ध आधार कार्ड एवं
परिचय पत्र पर फाइनेंस
मो.-9826507354 - ऋषि असाटी
9713668731 - आभाष असाटी

दीपावली की
हार्दिक
शुभकामनाएं

मारुति फर्नीचर्स & डेकोरेटर्स
खुरई रोड- मेदा मिल इंडस्ट्रियल एरिया, बीना

प्रो.- मुरारी गोस्वामी
9425188469, 9893476096
अपने भवन के आकर्षक इंटीरियर एवं डेकोरेशन हेतु संपर्क करें
फैक्ट्री : इंडस्ट्रीयल एरिया, एमपी एग्रो के पीछे, बीना

दीपावली पर्व की
सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
शहर के मध्य सर्व सुविधायुक्त
कम्प्यूटराइज्ड, ए.सी.
होटल राज पैलेस मोदी प्लाजा

अनिल कुमार मोदी
बहादुरपुर वाले
हमारे प्रतिष्ठान
मे. जैन दाल मिल
[illegible]
मोदी फार्म हाउस
अनिल स्टोन क्रेशर
बहादुरपुर

राज मोदी (राजू)
रिक्की मोदी
[illegible]
प्रो.- अनिल मोदी मो.- 8085996599 मो.- [illegible]

दीपावली के पावन पर्व
की सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें ...
डॉ. अशोक जैन

श्रीमति प्रीति नायक
पूर्व मंडी अध्यक्ष बीना
राजू नायक
भाजपा नेता बीना
दीपावली
पर्व की
सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं

प्रियंक मरोठी (छोटू)
युवा भाजपा नेता बीना

दीपावली पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
धनतेरस से 31 दिसंबर तक 500 रुपए से ऊपर की खरीदी पर एक निश्चित उपहार बिलकुल फ्री फ्री फ्री
हमेशा कुछ नया
राजरानी गिफ्ट गैलरी
बचपन से पचपन तक सभी के लिए गिफ्ट आइटम
हमारे यहाँ सेरेमिक मूर्ति, एंटिक गिफ्ट आईटम, टेडी बियर, क्राकरी डिनरसेट, केनवास, कोलार्ज, सीनरी, खिलौने, फाउण्टेन, फ्लावर पाट फ्लावर्स फोटो फ्रेम, नाईट लेम्प, मिल्टन बोरोसिल के आइटम इत्यादि

गुप्ता कॉम्पलेक्स, फर्स्ट फ्लोर, बड़ी बजरिया, बीना मो.: 9826511689, 9826642932

दीपावली की सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

ललती ज्वैलर्स
सोने चाँदी के आभूषणों के
निर्माता एवं विक्रेता
सौजन्य से : ललती ज्वैलर्स, माँ जागेश्वरी मंदिर के पास, कच्चा रोड, बीना
कमलेश कुमार सोनी
9826571158

दीपावली पर्व की
सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं

मुकुल पवैया
वर्धमान डायग्नोस्टिक सेन्टर
सरकारी अस्पताल के सामने, खुरई रोड बीना
07580-223008 M.- 9893480750
सभी प्रकार की जांच शुगर, किडनी, लीवर, हार्ट, थायराइड, टी.बी. यूरिन आदि के लिए संपर्क करें

दीपावली पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रो. - सोनू कुर्मी
श्रीकृष्णा ई-रजिस्ट्री
एवं ई-स्टाम्प
तहसील के सामने, खिमलासा रोड बीना
गली नं. 1 M.- 9713868650
पूरन सिंह कुर्मी (मामा)
वरिष्ठ अभिकर्ता
सीएम क्लब अध्यक्ष
एल.आई.सी. अभिकर्ता
M.- 9926851894

दीपावली
की सभी
को
हार्दिक
शुभकामनाएं

सुनील समैया
(कवि)
वरिष्ठ भाजपा नेता, बीना

दीपावली पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
बीना दूध डेरी
अंबेडकर तिराहा, खिमलासा रोड, बीना
पंजाबी मुर्रा भैंस
जाफ़राबादी भैंस
साहिबाल गाय
60 रु. लीटर
का दूध अपने शहर बीना में उपलब्ध

प्रो. पुनीत समैया (तीन शेर) मो.- 8103111333

समस्त बीना नगरवासियों
को दीपावली एवं
गोवर्धन पूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. ऊधम सिंह यादव
कंजिया (म.प्र.)

SHOPPING HUB
WHOLESALE & RETAIL
स्टेशन रोड, गुरुनानक रेस्टॉरेंट के सामने बीना

दीपावली
के अवसर
पर समस्त
देशवासियों
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
सिर्फ B.A./ B.Com/ B.Sc. रोजगार के लिए पर्याप्त नहीं
तो क्यों न नर्सिंग में जॉब गारंटी के साथ स्वर्णिम भविष्य बनाएं
डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बीना
(सरकार से मान्यता प्राप्त)
B.Sc. (Nursing) चार वर्षीय कोर्स योग्यता - 12वीं पास (बायो)
G.N.M. जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (तीन वर्षीय कोर्स) - किसी भी विषय से
इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडीकल
B.P.T. DMLT D.Pharma
Dialysis O.T.T. X-Ray

विशेष आकर्षण : जॉब गारंटी, सरकारी जॉब, एस.सी./ एस.टी./ ओ.बी.सी. हेतु स्कॉलरशिप
पता : छोटी बजरिया, गणेश वार्ड, केन्द्रीय विद्यालय के पास, बीना
प्रवेश हेतु संपर्क करें : मो.- 7000460322, 9399867474

साहित्य

पंजाबी कहानी

मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लठ्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

> **राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'**

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़्मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।'

'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाईए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुशकी को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िर ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।'

मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

संदर्भ : 12 नवम्बर, शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संजीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संजीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वग़ैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उतर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस ग़िरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे ग़र्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ़ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशग़ूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वग़ैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाज़ुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है। जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है। समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद खुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फिल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है ?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीकात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़हार करते थे। समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़दीक क्या है ?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

लघुकथा

आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

सेठ जी हैरत से किशन का मुंह देख रहे थे।

दीवाली

राम के हिज्र में इक रोज़ भरत ने ये कहा
क़ल्ब-ए-मुज़्तर को शब-ओ-रोज़ नहीं चैन ज़रा

दिल में अरमाँ है कि आ जाएँ वतन में रघुबिर
याद में उन की कलेजे में चुभे हैं नश्तर

कोई भाई से कहे ज़ख़्म-ए-जिगर भर दें मिरा
ख़ाना-ए-दिल को ज़ियारत से मुनव्वर कर दें

राम आएँ तो दिए घी के जलाऊँ घर घर
दीप-माला का समाँ आज दिखाऊँ घर घर

तेग़-ए-फ़ुर्क़त से जिगर पाश हुआ जाता है
दिल ग़म-ए-रंज से पामाल हुआ जाता है

दाग़ हैं मेरे जले दिल पे हज़ारों लाखों
ग़म के नश्तर जो चले दिल पे हज़ारों लाखों

कह रहे थे ये भरत जबकि सिरी-राम आए
धूम दुनिया में मची नूर के बादल छाए

अर्श तक फ़र्श से जय जय की सदा जाती थी
ख़ुर्रमी अश्क हर इक आँख से बरसाती थी

जल्वा-ए-रुख़ से हुआ राम के आलम रौशन
पुर उमीदों के गुलों से हुआ सब का दामन

मोहनी शक्ल जो रघुबिर की नज़र आती थी
आँख ताज़ीम से ख़ल्क़ित की झुकी
जाती थी

मुद्दतों बा%द भरत ने ये नज़ारा देखा
कामयाबी के फ़लक पर था सितारा
चमका

दिल ख़ुशी से कभी पहलू में उछल पड़ता था
हो मुबारक ये कभी मुँह से निकल पड़ता था

■ आफ़ताब रईस पानीपती

सार समाचार

हमने अपने कार्यकाल में विकास के काम किए : यादव

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा है कि हमने नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक के 15 साल के कार्यकाल में छतरपुर के विकास को बढ़ावा देने का काम किया है। वे कल रात कृष्णा प्रिया बिहार कॉलोनी में गहोई समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रही थी।

इस अवसर पर श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि 20 साल पहले छतरपुर की हालत क्या थी यह किसी से छिपी नही है। हर तरफ बदहाली का आलम था। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष बनने पर शहर में विकास के काम कर बताया कि कैसे विकास कराया जाता है। विधायक के कार्यकाल में भी विकास के अनेक काम किए गए। इसके साथ ही व्यापारी वर्ग को निश्चिंतता से काम करने का माहौल देने का काम भाजपा की सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि गहोई समाज व्यापारी वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है और यह समाज विकास के साथ भय मुक्त वातावरण चाहता है। जबकि कांग्रेस के राज में बेहद खराब माहौल था। भाजपा ने उन्हें डर और भय से मुक्ति दिलाई।

इस अवसर पर राजा भईया रूसिया प्रेमनारायण रूसिया, हरगोविन्द्र गुप्ता, नाथूराम बिलैया, मनोज गुप्ता, पप्पू गुप्ता (राज की दुनिया), एस.डी. कुचया, लक्ष्मी पिपरसानियां, अनिल बरसैया, विनय सुहाने, , सनत बरसैया, रामकिशोर नगरिया, संतोष रूसिया, नरेन्द्र ददरया, पंकज गधी, राजेन्द्र नीखरा, राजेन्द्र खरया, सोने गुप्ता, बबलू सरावगी, अरविंद्र रूसिया, विनोद टिकरया, विष्णुदास सेठ, भोले नोगरिया, रामकृपाल नगरिया, रामस्नेही नगरिया सहित अनेग गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

धनतेरस पर भाजपा ने निकाली विजय संकल्प यात्रा

छतरपुर, देशबन्धु। धनतेरस दीपावली के पावन पर्व पर भाजपा द्वारा विजय संकल्प मोटर साइकिल रैली छतरपुर नगर में निकाली गई। रैली निकालकर नगरवासियों को दीपावली धनतेरस की शुभकामनाएँ दीं और विजय का संकल्प लिया।

जिले भर में निकला फ्लैग मार्च, प्रशासन ने दिखाई ताकत

शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने जिले को मिला पर्याप्त बल

छतरपुर, देशबन्धु। आगामी 17 नवंबर को पूरे प्रदेश में एक साथ विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने हैं। एक ही चरण में चुनाव होने के कारण सबसे बड़ी जिम्मेदारी शांति व्यवस्था की होती है। जिले को पर्याप्त पुलिस फोर्स प्राप्त हो गया है इसलिए निर्विघ्र चुनाव सम्पन्न हो सकेंगे। शनिवार को जिले भर के थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि जिले में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त बल उपलब्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सुरक्षा बल की 15 कंपनियों के लगभग 1400 जवान जिले को मिले हैं वहीं उप्र से एक हजार होमगार्ड के जवान मिले हैं। जिला प्रशासन की ओर से विशेष पुलिस अधिकारी के तौर पर दो हजार सदस्य उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूरे जिले में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था इसलिए वहां पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कहीं भी कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने चुनाव दलों को आश्वस्त किया कि वे निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराएं।

पूरा पुलिस फोर्स उनकी सुरक्षा में उपलब्ध रहेगा। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को संदेश दिया गया कि वे निर्भीक होकर मतदान करें, अफवाहों पर ध्यान न दें।

चुनाव और त्योहार को देखते हुए पुलिस का फ्लैग मार्च

नौगाँव, देशबन्धु। नगर में सुरक्षा की दृर्ष्ट गति रखते हुए पुलिस का फ्लैग मार्च आगामी त्योहार और चुनावी शोर के बीच नगर में एसडीओपी चन्चलेश मरकाम के नेतत्व में सशस्त्र बल की टुकड़ी नगर के चौराहो से घूमती हुई चाक चौबंद व्यवस्था करती नजर आयी कोई असामाजिक तत्व त्योहार में दखलदांजी नही कर सके और चुनावी मौसम हर पार्टी के सेकड़ो तरह-तरह के लोग आते है यह शहर में कोई अराजकता उतपन्न ना कर सके इसके लिए पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है।

गहोई समाज मनायेगा दीपोत्सव समारोह

__छतरपुर, देशबन्धु।__ नगर गहोई वैश्य समाज छतरपुर के द्वारा दीपावली के दूसरे दिन दिन दिनांक 13.11.2023 सोमवार को सायं 5 बजे से 8 बजे तक दीपोतसव कार्यक्रम गहोई धाम में नगर समाज और महिला मंडल का संयुक्त मनाया जायेगा । जैसा कि हम सब जानते हैं, कि समाज की नयी पीढ़ी सामाजिक उत्तरदायित्वों से दूर होती जा रही है। आज हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा लेने हेतु बहुत ही छोटी उम्र से अन्य महानगरों में चले जाते हैं, जिसके कारण वह स्थानीय स्वजातीय बन्धुओं से परिचित नहीं हो पाते और उनका जुड़ाव सामाजिक गतिविधियों में नहीं हो पाता। शिक्षा के उपरान्त सर्विस हेतु अन्यत्र दूसरे शहरों या विदेशों में चले जाने के कारण उनका समाज से जुड़ाव क्षीण होने लगता है। इस अन्तर को कुछ कम करने एवं बच्चों - युवाओं को सामाजिक गतिविधियों में जोड़ने हेतु नगर गहोई वैश्य समाज छतरपुर हमेशा प्रत्यनशील रही है। विगत वर्षों में हमने ऐसे युवा साथियों हेतु दीपोत्सव कार्यक्रम मनाने का संकल्प लिया था। इसी क्रम में हमने इस वर्ष पुन- दूरस्थ अध्ययन - सर्विस कर रहे युवा साथियों एवं छतरपुर में पढ रहे समाज के बच्चों को एक मंच पर आव्हान कर एक दूसरे को समझने जानने ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर सहयोग मिले साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त हमारे युवा अध्ययनरत बच्चों को जो अनुभव बाटेंगे भविष्य में उन्हें आगे बढ़ने में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

रोशनी का पर्व दीपावली आज, जगमगाएंगे घर

छतरपुर, देशबन्धु। रोशनी के पर्व दीपावली को मनाने की पिछले एक माह से चल रही तैयारियों को आज विराम लग जाएगा। शाम ढलते ही लोगों के घर आधुनिक बल्वों और मिट्टी के दीपकों से जगमगाने लगेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखों रूपए के पटाखे दीपावली का उत्सव मनाने में छोड़े जाएंगे। धन की देवी लक्ष्मी, ज्ञान की देवी सरस्वती और विघ्रहर्ता भगवान गणेश की पूजा कर उनसे आशीर्वाद मांगा जाएगा। बाजार में अन्य खरीददारी के साथ-साथ मिट्टी के दीपकों, माला, फोटो, मिष्ठान, पूजा सामग्री की भी खूब खरीददारी हुई।

दीपावली में बाजार में जमकर खरीददारी हुई। पांच दिवसीय पर्व धनतेरस से शुरू हो जाता है। धनतेरस को करोड़ों रूपए की खरीददारी देखने को मिली थी। रूपचौदस को साफ-सफाई का विशेष महत्व होता है। वहीं दीपावली को धन की देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा अर्चना की जाती है। पं. उमेशचन्द्र द्विवेदी वैदिक जी ने बताया कि मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने से देवी प्रसन्न होती हैं। दीपावली में विशेष पूजा की जाती है। वहीं गोपाल सहस्त्रनाम का स्मरण करने से विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भाईदूज के साथ पांच दिवसीय दीवाली पर्व सम्पन्न होता है।

ठेकेदार ने छोड़ दिया गेट का अधूरा कार्य, नहीं बन सका शौचालय

छतरपुर, देशबन्धु। मस्ताना कमेटी के सदस्यों ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में दरगाह हजरत मस्तान शाह के गेट निर्माण हेतु 5 लाख रूपए विधायकनिधि से स्वीकृत हुए थे। इस निर्माण कार्य का ठेका इमरान खान ने लिया था। ठेकेदार ने कार्य को अधूरा छोड़ दिया है जबकि बताया जा रहा है कि पैसे पूरे ले लिए गए हैं। अगले वर्ष के पहले महीने में दरगाह शरीफ में वार्षिक उर्स का आयोजन होता है लेकिन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इतना ही नहीं साढ़े चार लाख रूपए में सार्वजनिक शौचालय तैयार होना था मगर यह कार्य भी अधूरा पड़ा है। ठेकेदार से निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए कहा गया तो उसने कहा कि जिसे सुनाना हो सुना दो अब वह निर्माण कार्य नहीं कराएगा। ज्ञापन के दौरान शेख मोहम्मद, मुस्ताक अली, जीशान मस्ताना, इब्राहीम खान, सगीर, अशरफ, शेख फैजान, सरफराज, टिंकू, रसीद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

हम नौगांव का गौरव वापस लौटाएंगे : तिवारी

छतरपुर, देशबन्धु। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने शनिवार को नगर के व्यवसायिक क्षेत्र में घूमकर दुकानदारों और दीवाली की खरीददारी करने आए ग्राहकों से जनसंपर्क करते हुए चुनाव के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर अजय दौलत तिवारी के समर्थन में ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने जहां रैली निकाल दी तो वहीं लोगों ने भी छतों से पुष्पवर्षा करते हुए नौगांव नगर के इस बेटे का गर्मजोशी से स्वागत किया।

जनता से मिलते हुए सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने कहा कि पहली बार इस विधानसभा क्षेत्र में नौगांव नगर का एक नौजवान बेटा अपने परिवार से वोट रूपी आशीर्वाद लेने निकला है। हमारा यह नगर वर्षों पहले जिस गौरव और वैभव के लिए जाना जाता था उस वैभव को भाजपा और कांग्रेस के विधायकों और सरकारों ने हमसे छीन लिया। आज नगर में बिजली, पानी, गंदगी जैसा संकट फैला हुआ है। लोगों के पास पर्याप्त अवसर नहीं है। इस शहर में बड़ी आबादी रहती है लेकिन उनके विकास के लिए स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं की गई हैं। उन्होंने जनता से कहा कि यदि इस बार जनता अपने इस बेटे को विधानसभा पहुंचाती है तो हम संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र सहित अपने नौगांव नगर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को रोकने के लिए इस शहर में औद्योगिक विकास की परियोजनाएं लाई जाएंगी, व्यापारियों के हित के लिए नए बाजारों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि 17 नवंबर को समाजवादी पार्टी के साईकिल निशान का बटन दबाकर जनता मुझे अपना आशीर्वाद दे ताकि हम इस नगर का भी चहुमुखी विकास कर सकें।

दीवाली पर घोटाले का अंधेरा मिटाएं, विकास का दीपक जलाएं

- **कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने कहा -भाजपा आई तो क्षेत्र में रहेगा भ्रष्टाचार का बोलबाला**

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर के कांग्रेस विधायक एवं प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने दीवाली के एक दिन पूर्व नगर के अनेक वार्डों में घर-घर जाकर जनसंपर्क करते हुए जनता से वोट रूपी आशीर्वाद मांगा। विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने लोगों को जनसंपर्क के दौरान छोटी दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए उनसे एक मार्मिक अपील भी की है। आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि दीपावली का त्यौहार अंधेरे को मिटाने और सुख समृद्धि व ज्ञान का दीपक जलाने का संदेश देता है। इस दीवाली के साथ पांच साल की तकदीर लिखे जाने का अवसर भी मतदाताओं को मिल रहा है। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे इस बार क्षेत्र और प्रदेश में फैले कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, घोटाले और बेरोजगारी के अंधेरे को मिटाने के लिए कांग्रेस रूपी दीपक को प्रकाशित करें।

विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि छतरपुर विधानसभा में पिछले पांच वर्षों में हमने बिना कमीशन और भ्रष्टाचार किए क्षेत्र के लोगों की सेवा की है जबकि भाजपा प्रत्याशी और भाजपा की सरकार ने क्षेत्र और प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटालों को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस दीपावली पर मप्र में एक नए सोच की सरकार लाने के लिए हम सभी कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देकर इस अंधेरे को दूर करने का काम करें। कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने शनिवार को शहर के कई वार्डों एवं बाजार व ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से कांग्रेस के लिए आशीर्वाद मांगा।

पंप हाउस में जबरन कब्जा कर बन रहा मकान

- **दिन में मिला स्थगन आदेश, रात में डाल दिया पत्र**

छतरपुर, देशबन्धु। जिला मुख्यालय से करीब 100 किमी दूर ग्राम सरवई स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पंप हाउस पर जबरन कब्जा कर लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है। दो दिन पहले सरपंच के आवेदन पर तहसीलदार गौरिहार ने स्थगन आदेश दे दिया लेकिन स्थगन आदेश मिलने के बावजूद अतिक्रमणकारी अपनी गतिविधियां जारी करते हुए रात करीब 1 बजे लेंटर डालकर ही रूके। प्रशासन एवं पुलिस का परोक्ष रूप से सहयोग मिलने के आरोप लग रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सरवई-रामपुर रोड में करीब 3 दशक पहले नल-जल योजना हेतु पंप हाउस तैयार किया गया था। वर्तमान में भले ही नल-जल योजना ठप्प है लेकिन आने वाले समय में यह योजना फिर से चालू हो सकती है। पंप हाउस के आसपास की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमणकारियों की नजर बैठ गई और मौका पाते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर शिकायतें भी की गईं मगर अतिक्रमणकारियों को रोका नहीं जा सका।

यह भी कहा जा सकता है कि चुनाव का समय है इसलिए अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी जानकारी मिलने पर खानापूर्ति करके वापस आ गया। ऐसे आरोप लग रहे हैं कि प्रशासन और पुलिस द्वारा अतिक्रमणकारी को जान-बूझकर मौका दिया गया। पिलर के माध्यम से निर्माण कर आनन-फानन में लेंटर डाला गया है। हालांकि जिस रात लेंटर डाला गया उसी दिन तहसीलदार ने स्टे दिया था।

पुलिस को स्टे की कॉपी तामील करा दी गई थी लेकिन अतिक्रमणकारी ने काम नहीं रोका। देखना यह है कि इस सरकारी पंप हाउस के आसपास की जमीन को कब मुक्त कराया जाएगा।

भाजपा ने समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं : पटैरिया

छतरपुर, देशबन्धु। शनिवार को राजनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने जनसंपर्क अभियान चलाया। वे लवकुशनगर के वार्ड नंबर 4, 5, 6 के अलावा ग्राम ज्योराहा और बैतालीपुरवा पहुंचे, जहां जनता से मुलाकात की। अरविंद पटैरिया ने इस दौरान भाजपा की उपलब्धियों को बताया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। वहीं जनता ने उनका जगह-जगह स्वागत किया। संवाद के दौरान, जनता ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया को अपनी समस्याओं और जरूरतों के बारे में बताया, और प्रत्याशी ने उनसे मिलकर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं और वे इन्हीं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संक?ल्पित हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी को क्षेत्र में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और वे जनता के बीच सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। जनता की भावनाओं को महत्वपूर्णता देते हुए, यह भी साबित होता है कि लोग सकारात्मक रूप से प्रत्याशी के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।

चरण सिंह की पत्नी पर दर्ज हुआ मुकदमा

बिजावर, देशबन्धु। बिजावर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी चरण सिंह यादव की पत्नि अनुपमा यादव पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। उन पर आरोप हैं कि उन्होंने चुनाव के पूर्व महिलाओं को पैसे बांटकर प्रलोभन देने का प्रयास किया है। दरअसल यह कार्यवाही सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे एक वीडियो के कारण की गई है।

सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि बिजावर के बड़ी माता मंदिर में कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं की एक सभा बुलाकर कांग्रेस प्रत्याशी चरण सिंह यादव की पत्नि अनुपमा यादव पूजन के बाद इन महिलाओं को भेंट स्वरूप रूपए बांट रही हैं। इसी वीडियो के सामने आने के बाद अनुपमा यादव के विरूद्ध बिजावर थाने में थाना 188, 171ई के तहत आचार संहिता उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

रूपए बांटने को लेकर लगातार बदनाम हो रहे कांग्रेस प्रत्याशी : उल्लेखनीय है कि बिजावर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी लगातार रूपए बांटने के आरोपों से जूझ रहे हैं। पहले कई कांग्रेस नेताओं ने ही उन पर पांच करोड़ रूपए में टिकिट खरीदने के आरोप लगाए, फिर सोशल मीडिया पर एक सूची वायरल हुई जिसमें क्षेत्र के कई नेताओं के नाम के आगे राशि और गाड़ियों के नाम लिखे गए। इससे कयास लगाए गए हैं कि चरण सिंह यादव ने कई नेताओं को अपने पक्ष में करने के लिए रूपए बांटे और अब अपनी पत्नि के द्वारा रूपए बांटे जाने के वीडियो वायरल होने के बाद भी चरण सिंह यादव विवादों में घिर गए हैं।

कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

सीईओ, महिला, बाल विकास अधिकारी नपा उपयंत्री पर नहीं हुई कार्यवाई

कांग्रेस बोली 8 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाई

__घुवारा, देशबन्धु।__ आचार संहिता उल्लंघन करने व भाजपा के पक्ष में लगातार प्रचार प्रसार करने के मामले कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा 30 अक्टूबर को मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी भोपाल को एक शिकायती आवेदन देते हुए आवेदन में उल्लेख किया था? कि छतरपुर जिला के बकस्वाहा जनपद पंचायत सीईओ हर्ष खरे महिला बाल विकास अधिकारी हेमलता ठाकुर नगरपरिषद बकस्वाहा उपयंत्री शोभित मिश्रा तीनों अधिकारियों द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में लगातार प्रचार प्रसार करके चुनाव को प्रभावित किया किया जा रहा है मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पत्र पर मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी भोपाल द्वारा छतरपुर जिला निर्वाचन संदीप जी आर पत्र क्रमांक 2036/3-11/शिका/वि,स2023/11868 दिनां क2/11/23 को पत्र जारी करते हुए तीनों अधिकारियों की जांच के आदेश जारी किया था? जिसपर जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर द्वारा 3 नम्मबर को बडामलहरा अनुविभागीय अधिकारी को पत्र जारी करते हुए लेख किया कि तीनों अधिकारी भाजपा प्रत्याशी के खास होने के कारण आचार संहिता का उल्लघंन करते भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं जिसकी शीध्र जांच कर अभिमत देने के लिए सुनिश्चित किया था कांग्रेसियो का कहना है कि 8 दिन बीत जाने के बाद भी आचार?

संहिता का उल्लघंन व भाजपा के पक्ष में काम कर रहे अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे अंतिम चरण में चल रहे चुनाव को ये अधिकारी कांग्रेस प्रत्याशी को नुक्सान पहुंचा सकते हैं वहीं कांग्रेसियों का कहना है कि जनपद सीईओ हर्ष खरे पंचायतों के सरपंचों व सचिव पर तो वही महिला बाल विकास अधिकारी हेमलता ठाकुर महिलाओ पर दबाव डालकर भाजपा के पक्ष में वोट डाला सकती है।

इनका कहना है

जब इस संबंध में बड़ामलहरा अनुविभागीय अधिकारी से बात हुई तो उनका कहना है कि जनपद सीईओ का जांच प्रतिवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज दियख है बाकी दो लोगों की जांच प्रतिवेदन शीघ्र भेज दिया जायेगा।

***प्रशांत अग्रवाल,** अनुविभागीय अधिकारी*
बड़ामलहरा

जब इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी से बात की तो उनका कहना है कि मैं अभी मामले की पूरी जानकारी लेता हूं

***संदीप जी आर** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर*
छतरपुर

विधानसभा खरगापुर में प्रत्याशियों की जीत के दावों पर मतदाताओं की खामोशी

मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ बेरोजगारी और पलायन का मुद्दा हावी

टीकमगढ़, देशबन्धु। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव के वोटिंग की तारीख नजदीक आने लगी है। वैसे-वैसे ही चुनावी चर्चा की भी जोर आजमाइश तेज होती जा रही है। खरगापुर विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। तो वहीं आम मतदाता खामोश नजर आ रहा है। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। इसके साथ ही बेरोजगारी और मजदूरों के पलायन का मुद्दा हावी है। सभी राजनीतिक दल और उनसे जड़े जनप्रतिनिधि पलायन को रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। यही कारण है कि हर साल क्षेत्र से सैकड़ों परिवारों को रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर अपना रुख अपना रहे है। हालांकि बीजेपीए कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी सहित सभी दलों के नेता सुबह 7 बजे से देर शाम तक ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं और जीत को अपने पाले में करने के लिए सभी प्रत्याशी दाम खम लग रहे हैं। बल्देवगढ़ क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर जनता मुखर है। सुजारा बांध से बल्देवगढ़ के ग्वाल सागर सहित सभी गांव में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की मांग जनता एवं कई संगठनों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। ऐसे में जो प्रत्याशी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। जीत उसे ही मिलेगी।

37 ग्राम पंचायतों में सूखे की स्थिति

खरगापुर विधानसभा के बल्देवगढ़ विकासखंड की 37 ग्राम पंचायतो के किसान को इन दोनों भी सूखे की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। यहां पानी के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण किसान किसी नहीं कर पाते हैं। टीकमगढ़ विधानसभा के सुजारा गांव में बना सुजारा बांध से पाइपलाइन के माध्यम गांव-गांव में पानी पहुंचाने के लिए किसानों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही है। अब दोनों ही पार्टियों के नेता किसानों को भरोसा दिला रहे हैं कि सुजारा बांध से गांव-गांव के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाया जाएगा अब देखना आया है कि जनता किस पार्टी की ओर अपना रुख अपनाती है।

14 नवंबर को आएंगे राहुल गांधी

खरगापुर विधानसभा में पिछले कई दिनों में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेताओं की सभाओं एवं जनसंपर्क कार्यक्रम किया गए हैं। आगे भी भाजपा के दिग्गज नेता खरगापुर विधानसभा में कमल खिलाने के लिए जोर.जोर से सभाएं कर मेहनत कर रहे हैं। बीजेपी के जवाब में 14 नवंबर को खरगापुर नगर में सांसद राहुल गांधी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही शुक्रवार को ग्राम पंचायत देरी कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रोशनी यादव ने आमसभा को संबोधित कर जनसंपर्क किया है।

उद्योग धंधे के अभाव में महानगरों की ओर होता पलायन

खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में सरकार द्वारा अभी तक एक भी उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। जिससे क्षेत्र के अधिकांश मजदूर दिल्ली, मुंबई, गुजरात, भोपाल, लखनऊ जैसे महानगरों की ओर पलायन करने का रुक अपनाते है। चुनाव के पहले नेताओं को पलायन का मुद्दा याद रहता है लेकिन चुनाव होने के बाद किसी को कोई इन मुद्दों से फर्क नहीं पड़ता है। अपने-अपने काम में लग जाते हैं, जिससे गरीब मजदूरों को मजदूरी के लिए महानगरों की ओर मजबूरी में पलायन करना पड़ता है।

बहुतायत में यादव और लोधी समाज के मतदाता

खरगापुर विधानसभा में 1972 से अभी तक चार बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी ने पांच बार खरगापुर सीट पर जीत दर्ज की है। जनशक्ति पार्टी ने एक बार और जनता पार्टी ने एक बार चुनाव में जीत दर्ज की है। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में यादव एवं लोधी सबसे अधिक मतदाता हैं।

मकान निर्माण के बाद भुगतान नहीं किए 45 लाख, परेशानी की हालत में हुई बेटे की मौत

टीकमगढ़, देशबन्धु। विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी और उनके भाई गोलू गिरी पर 45 लाख रुपए का भुगतान नहीं करने के आरोप लगाए गए हैं। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने इस मुद्दे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान पीडि़ति फूला देवी पत्नी हरिनारायण दीक्षित ने राकेश गिरी पर मकान निर्माण के बाद भुगतान नहीं देने के आरोप लगाए।

दरअसल, विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी एक दूसरे को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशी एक-दूसरे के भ्रष्टाचार उजागर करने में लगे हैं। आज कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी सुषमा सिंह और बेटे शाश्वत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी। इस दौरान खरगपुर तहसील के ग्राम पंचायत छिदारी निवासी फूला दीक्षित ने राकेश गिरी और उनके भाई पर 45 लाख रुपए का भुगतान नहीं करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले विधायक रहते हुए राकेश गिरी ने अपने नए मकान का निर्माण शुरू कराया था। मकान का ठेका मेरे बेटे ज्ञानेंद्र दीक्षित को दिया था। मेरे बेटे ने क्रेडिट पर सामान लेकर उनके मकान का निर्माण कराया। इसके बाद जब मेरे बेटे ने पैसे की मांग की तो गोलू गिरी ने रुपए नहीं दिए। 29 दिसंबर 2022 को उन्होंने मेरे बेटे घर बुलाया और धमकी दी। परेशानी के चलते 30 दिसंबर 2022 को मेरे बेटे की गिरकर मौत हो गई। फूला दीक्षित ने बताया कि बेटे की मौत के 1 साल बाद भी राकेश गिरी ने 45 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया है। आज उन्होंने मामले की लिखित शिकायत टीकमगढ़ एसपी से की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यादवेंद्र सिंह बुंदेला के बेटे शाश्वत सिंह ने कहा कि चुनाव बाद इस मुद्दे को न्यायालय में लेकर जाएंगे।

बदनाम करने के लिए रचा गया षड्यंत्र

इस मामले में भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी का कहना है कि चुनाव में बदनाम करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से यह षड्यंत्र रचा गया है। 1 साल पुराने मामले को जानबूझकर चुनाव के समय उछाला जा रहा है। दीक्षित परिवार को षड्यंत्र के तहत बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई है।

पूर्व मंत्री आप छोड़कर भाजपा में शामिल, कांग्रेस और सपा में भी किस्मत आजमा चुके अखंड यादव

टीकमगढ़, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले हर दिन नये-नये घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। दल बदलू नेताओं के पार्टी बदलने का दौर लगातार जारी है। शनिवार को भाजपा और कांग्रेस में पूर्व मंत्री रहे अखंड प्रताप सिंह यादव आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। करीब एक माह पहले ही उन्होंने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी।

दरअसल, अखंड प्रताप सिंह यादव का अब तक का राजनीतिक सफर लगातार पार्टियां बदलने का रहा है। दलबदलू नेताओं में गिने जाने वाले अखंड यादव साल 2003 में भाजपा के टिकट पर टीकमगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़े और जीतकर प्रदेश सरकार में मंत्री बने। 2008 में पार्टी ने फिर उन्हें मैदान में उताराए लेकिन वे तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद वे समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और बड़ा मलहरा उप चुनाव सपा के टिकट पर लड़ा। इसके बाद अखंड यादव कांग्रेस और फिर एक महीने पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इस बार विधानसभा चुनाव के नामांकन दाखिले के दौरान वे टीकमगढ़ से आप प्रत्याशी का फॉर्म जमा कराने कलेक्ट्रेट भी पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने भोपाल में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष बीजेपी ज्वाइन कर ली। अखंड प्रताप सिंह यादव की उम्र 80 साल से ज्यादा हैए लेकिन वह अब भी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय हैं। उनके बेटे अभय यादव लगातार दो बार टीकमगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

युवक पर गांव के 2 लोगों ने लाठी से किया हमला पुलिस ने किया केस दर्ज

टीकमगढ़, देशबन्धु। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खड़ाई में नहर से खेत में पानी ले जाने पर पीड़ित युवक के साथ गांव के दो लोगों ने लाठी से हमला कर दिया। इस घटना में युवक घायल हो गया। पुलिस ने जिला अस्पताल में घायल युवक के बयानों पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। घायल युवक दिनेश पिता दयाराम अहिरवार उम्र 26 साल निवासी खड़ाई ने अस्पताल में पुलिस को बताया कि 9 नवंबर की दोपहर करीब 12.30 बजे युवक गांव में निकली नहर से अपने खेत में पानी देने के लिए गया था। जैसे ही वह नहर से पानी खोलने लगा तो गांव के भज्जू केवट व उसके पुत्र देवीदास केवट ने लाठी से मारपीट कर दी इस घटना में युवक के सिर व शरीर में चोट आने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मरीजो एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा स्वीप प्लान अन्तर्गत जिला अस्पताल में दीपदान एवं जागरूकता रंगोली बना कर अस्पताल में आए लोगो को शपथ दिलाई गई, कि 17 नवंबर 2023 को सभी अपने पोलिंग वूथ पर पहुँच कर मतदान अवश्य करें। अस्पताल प्रबन्धक श्रीमति डॉ अंकुर द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आगामी दिवाली के पर्व की तरह ही लोकतंत्र के पर्व को हर्ष और उल्लास से मनाने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही अस्पताल में सफाई बनाने हेतु कोत्पा (बवजचं) एक्ट के अंतर्गत सिक्योरिटी गार्ड द्वारा गुटखा चेकिंग करते हुए भी लोगो को मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला, तउव डॉ डीएस भदौरिया, अस्पताल प्रबन्धक श्रीमति डॉ अंकुर साहू, डॉ कमलेश गुप्ता, डॉ देवराज सिंह, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ लता लक्ष्मी, डॉ नेहा चौरसिया, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक, जिला स्टूवार्ड हेमंत नायक तथा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा रंगोली एवं सभी सेक्युरिटी गार्ड उपस्थित रहे।

फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया

टीकमगढ़, देशबन्धु। आदर्श आचार संहिता के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के नेतृत्व में शनिवार को थाना मोहनगढ़ एवं दीगौड़ा अंतर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु कस्बा मोहनगढ़ एवं कस्बा दीगौड़ा में टीकमगढ़ पुलिस, पंजाब एसएपी की दो कंपनियां के सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विश्वास पर्ची वितरित की गई तथा निर्भीक होकर मतदान करने को बताया गया। फ्लैग मार्च के आगे पीछे वाहनों से साउंड स्पीकर से अनाउंस कर लोगों को भय मुक्त, निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक राम ठाकुर, थाना प्रभारी दीगौड़ा निरीक्षक श्रीमती अनुमेहा गुप्ता, निरीक्षक अशोक पाटीदार, सूबेदार उत्तम सिंह सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं एसएपी के जवान उपस्थित रहे।

यादव ने सपा छोड़ भाजपा की सदस्यता ली

टीकमगढ़, देशबन्धु। प्रकाश यादव कुंवरपुर टीकमगढ़ समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिला अध्यक्ष ने शनिवार को समाजवादी पार्टी छोड़कर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ विधायक राकेश गिरी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। जहां टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी के सरल स्वामी नेचर को देखते हुए और सरल व्यक्तित्व को देखते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की और वही उनका कहना है की मैं हमेशा भारतीय जनता पार्टी में ही कार्य करूंगा और भारतीय जनता पार्टी भारतवर्ष की नंबर वन की पार्टी बन गई है। जहां सभी को सम्मान मिलता है वह भारतीय जनता पार्टी टीकमगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी के समर्थन में कार्य करेंगे।

दुकान संचालक नहीं उठाते हैं फोन, ग्रामीण राशन के लिए हो रहे परेशान

दीपावली के मौके पर राशन दुकान पर लगा है ताला

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले की ग्राम पंचायत रामनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम भगवंतपुरा के अधिकांश लोगों को पिछले दो महीने से राशन सामग्री का वितरण राशन दुकान संचालक द्वारा नहीं किया गया है। इस गांव के लोगों से राशन दुकान संचालक ने पिछले दो माह के फिंगर मशीन में लगवा लिए हैं और इन लोगों को केवल एक महीने का राशन दिया जा रहा है। इस राशन को लेने के लिए राशन दुकान संचालक द्वारा पात्र लोगों से रुपए भी लिए जा रहे हैं जबकि यह राशन प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत मुफ्त में दिया जाता है। हिंदू समाज में सबसे बड़ा त्योहार दीपावली के रूप में मनाया जाता है और ऐसे में दुकानदार के द्वारा पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण नहीं किया गया है। शनिवार को सुबह जब यह लोग राशन लेने के लिए भाई के ढावा के पास राशन दुकान पर पहुंचे। जहां पर ताला लटका हुआ था, राशन दुकान बंद थी। इन लोगों ने राशन दुकान संचालक महेंद्र रजक को फोन लगाया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इन लोगों ने बताया है कि राशन दुकान संचालक के द्वारा मशीन में पिछले दो महीने के फिंगर लगवा कर एक महीने की पर्ची थमा दी गई है, लेकिन लोगों को राशन अब तक नहीं दिया गया है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन पात्र लोगों को राशन नहीं मिला है, उन लोगों को दुकान संचालक द्वारा पूरे दो महीने का राशन मुफ्त में दिलवाया जाए।

भरे मंचो से एक-दूसर पर प्रत्याशी लगा रहे व्यक्तिगत आरोप

टीकमगढ़, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आते ही नेताओं की सभाओं में अब विकास के मुद्दे गायब होते जा रहे हैं। नेता क्षेत्र में विकास की बात छोड़कर अब एक-दूसरे पर व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप लगाने में जुट गए हैं। टीकमगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव जमकर एक-दूसरे के खिलाफ अपशब्दों इस्तेमाल करने में लगे हैं।

दरअसल, टिकट वितरण के बाद से ही भाजपा की अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई। टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव पार्टी छोड़कर निर्दलीय मैदान में उतर गए। पहले तो भाजपा संगठन ने उन्हें मनाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब उन्होंने नाम वापस नहीं लिया तो भाजपा ने उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब वे लगातार नुक्कड़ सभाओं में कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला और भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। वे अपने भाषणों में क्षेत्र के विकास का जिक्र करते नहीं दिख रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी ने भी अब व्यक्तिगत रूप से केके श्रीवास्तव को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बड़गांव में सभा के दौरान विकास कार्यों की बात ना करते हुए केके श्रीवास्तव पर जमकर निशाना साधा। इतना ही नहीं उनके विधायक कार्यकाल में किए गए कारनामों को मंच से उजागर किया। दोनों ही नेता अपनी अपनी सभाओं में एक-दूसरे के खिलाफअपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप लगाने में जुट गए हैं। इस दौरान चुनाव में विकास के मुद्दे कहीं दिखाई नहीं दे रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी भी पीछे नहीं

कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला भी चुनावी प्रचार के दौरान व्यक्तिगत आरोप लगाने में जुटे हैं। वे जनता के बीच जाकर पिछले 5 साल के दौरान हुए भ्रष्टाचार लोगों को गिना रहे हैं। उनकी सभाओं में भी क्षेत्र के विकास के मुद्दे गायब हैं। हालांकि वे कांग्रेस का घोषणा पत्र घर-घर बांटने में लगे हैं। भाजपा प्रत्याशी भी लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि और पीएम आवास जैसी योजनाएं जनता को गिना रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी ने ग्राम बांसा में की आमसभा

5 साल में दमोह में जो विकास कार्य रूक गए थे उन्हें दुगुनी तेजी से करेंगे: मलैया

दमोह देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी से दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने ग्राम बांसा में आम सभा को संबोधित किया जिसमें बड़ी संख्या ग्राम वासियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं की उपस्थिति रही। आमसभा में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत मलैया ने भाजपा का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। वहीं नगर के मोरगंज गल्ला मंडी में भी भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया ने आमसभा को संबोधित किया वहां भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। जयंत मलैया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 2003 से अभी तक मध्यप्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। दमोह में रिंग रोड, वायपास, गांव गांव सड़कें यह सभी भाजपा ने किया। नये स्कूल, स्कूलों का उन्नयन, सुविधाएं यह सब भाजपा ने किया। बहुत से विकास कार्य जो 5 साल में रूक गये थे उन्हें दुगुनी तेजी से पूरे करेंगे।

सैकड़ों युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

दमोह देशबन्धु। अंत्योदय के साथ राष्ट्र सेवा में समर्पित भाजपा की विचारधारा एवं भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया के नेतृत्व से प्रेरित होकर हरदुआ स्टेट के दीवान राजकुमार सिंह एवं दीवान विवेक सिंह ने निशांत मलैया की उपस्थिति में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ग्राम पंचायत हिरदेपुर के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने सिद्धार्थ मलैया के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । मागंज वार्ड नं 1फुटेरा वार्ड नं 5 एवं बजरिया वार्ड नं 6 के सैकड़ो युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । युवाओ का उत्साह व जुनून, ये साबित कर रहा है ।कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने को लेकर सब 17 नवंबर को मतदान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

भाजपा की नीति नियति में खोट है: अजय टंडन

दमोह देशबन्धु । विधानसभा क्षेत्र के डबा, हरदुआ, खांगर, देवडोंगरा, हिनौती, गनेशपुरा, लमती, मुड़ेरी, इमलिया लांजी आदिवासी बहुमूल्य गॉवो में देर रात सिर पर कलश रखे नन्हीं नन्हीं बालिकाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन का स्वागत किया। इमलिया लांजी में आयोजित 5-6 गांवो की बैठक को संबोधित करते हुए अजय टंडन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब वह सब कर रही है जो पिछले 18 वर्षो तक नहीं किया वह अब रूपये देकर शराब बांटकर साड़िया देकर एवं अनेक तरह के लालच देगे। उपहार लेने से पहले यह जरूर सोचना कि प्याज, टमाटर, लहसुन, अदरक एवं अन्य सब्जी के दाम एवं राहर दाल एवं अन्य दालों के क्या दाम है। नगर के वार्डो में भी सघन जनसंपर्क कर रही उनकी दोनो पुत्रिया पारूल टंडन, मनाली टंडन के साथ अनेक युवतियां युवाओं ने बजरिया वार्ड 3, 5 सिविल वार्ड 2,8 में सघन जनसंपर्क करते हुए उनके पापा जो कहते है वह करते है विधानसभा दमोह के लिये बहुत कुछ करने का उनका सपना है। जिला इस अवसर पर कमलेश उपाध्याय, हुकुम पटेल, रूद्र प्रताप सिंह, बृजेश पटेल, बबलू भट्ट, मुरसलीम कुरैशी, नितिन मिश्रा की उपस्थिति रहीं। आमचौपरा के पास मड़ावारी में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अजय टंडन ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनना तय है और कांग्रेस ने जो 11 वचन का वादा किया है उसे हम पूरा करेगें। इस अवसर पर सभा प्रभारी मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, गोविंद यादव, संदीप यादव, कासिम खान, गिरीश मिश्रा, अर्जुन यादव सहित मड़ावारी के व्यक्तियों महिलाओं की उपस्थिति रहीं।

9 पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

पन्ना, देशबन्धु। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने 9 पंचायत सचिव को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही तत्काल समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा 10 दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इनमें ग्राम पंचायत बड़खेरा के सचिव अजीत जैन, कुंवरपुर के प्रीतम सिंह, गोल्ही के राधिका प्रसाद मिश्रा, हीरापुर के अली मोहम्मद, मोहन्द्रा के राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, कृष्णगढ़ के राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, टिकरिया के अवधेश प्रसाद मिश्रा, मुराछ के चन्द्रभान सिंह राजपूत और ग्राम पंचायत मोहली धरमपुरा के सचिव ब्रजेश कुमार चौधरी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को प्रदान की जाने वाली सामग्री तैयार करने के लिए पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगाई गई थी। इन्हें डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी रोहित वर्मा द्वारा भी शासकीय अवकाश दिवस में शनिवार को उपस्थित रहकर कार्य संपादित करने के संबंध में अवगत कराया गया था, लेकिन कर्त्तव्य पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराने तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में वर्णित प्रावधान का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

निर्वाचन कार्य में लगी पंजाब पुलिस की बटालियन को दिया प्रशिक्षण

पन्ना, देशबन्धु। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये 11 नवम्बर को कलेक्टर हरिजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के द्वारा टाउन हॉल में पंजाब पुलिस 82 बटालियन की 3 कम्पनियों के 250 अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पंजाब पुलिस 82 बटालियन के अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह, एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर एवं निर्वाचन कार्यालय से मास्टर ट्रेनर आनंद चौरसिया द्वारा चुनाव संबधी विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले की भौगोलिक स्थिति की जानकारी के साथ-साथ मतदान के पूर्व डूयटी, मतदान दिवस के दौरान डूयटी एवं मतदान दिवस के बाद की विभिन्न गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया गया।

46वें वर्ष में भगवान धन्वंतरी जयंती मनाई

दमोह/हटा देशबन्धु। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर चिकित्सा क्षेत्र के जनक भगवान धन्वंतरि की 46वें वर्ष में भगवान धनवंतरि इंटीग्रेटेड पॉली क्लिनिक अंधियारा बगीचा में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विशिष्ट अतिथि पी एल तंतुवाय विधायक, उमा देवी खटीक पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ विजय सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलन कर किया। सभी चिकित्सकों ने भगवान धन्वंतरि का पूजा अर्चन वंदन किया। कार्यक्रम के विशेष उद्बोधन कर्ता डॉक्टर श्याम सुंदर दुबे (राष्ट्रीय साहित्यकार) ने ध्वनि द्वारा चिकित्सा पर उदाहरण सहित उद्बोधन दिया। डा कुसमरिया ने औषधि खेती में जैविक कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला।विशेष आमंत्रित डॉक्टर अमन श्रीवास्तव (सीबीएमओ) ने इस प्रकार के कार्यक्रम को करने के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया। माखनलाल नेमा(से.नि.शिक्षक) ने योग करके हम अपने शरीर को स्वस्थ कैसे बनाएं विषय पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ सी एल नेमा ने आगामी समय में क्षेत्रीय स्तर पर प्राइवेट, सरकारी डॉक्टर्स केमिस्ट् और पैथोलॉजी से आये परिजनों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों के निशुल्क सेवा करने के लिए एक कैंप लगाने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर डॉ आर पी कोरी , गंगाराम पटेल (जनपद सदस्य),चंद्रभान पटेल ,लखन मोदी के अलावा अनेक डॉक्टर्स एवं केमिस्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कीर्ति वर्धन नेमा ने किया।

कबाड़ से जुगाड़: जिला अस्पताल में टूटे पलंगों से बेहद मजबूत एवं टिकाऊ रैक बनाए



दमोह देशबन्धु। जिला अस्पताल दमोह नित नए प्रयोगों के लिये अब पायोनियर बन कर उभर रहा है। नेशनल क्वालिटी स्टैंडर्ड्स अभिप्रमाणित यह संस्था कायाकल्प में भी राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार पा चुकी है। आर.एम.ओ. डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव के नेतृत्व में अस्पताल में व्यवस्थाएं पहले से 100 प्रतिशत अधिक सुधरी हैं। पहले खुले स्थानों का सौन्दर्यकरण किया, पुराने कंडम पलँगो से आई ई सी कार्नर बनाया, अब विभिन्न वार्ड्स में सामान व्यवस्थित रखने हेतु रैक बनाये है। गौरतलब यह है कि 18 रूपये किलो में बिक जाने वाले टूटे पलँगो से बेहद मजबूत एवम टिकाऊ रैक बनाये जाने, रंग रोगन करने एवं लेबर चार्ज सहित इन रैक्स के निर्माण में 1970 रुपए मात्र खर्च आया है। जबकि बाजार में इस क्वालिटी के रैक 12 हजार रूपये के लगभग कीमत पर उपलब्ध है। आर.एम.ओ. डॉ शुक्ला ने बताया कि कबाड़ से जुगाड़ हम भारतीयों की पहचान है, उस पहचान के अनुरूप एवं शासकीय पैसे के सदुपयोग करते हुए हम लगभग 25 रैक तैयार है, जिन्हें वार्ड्स में रखवा दिया गया है, स्टॉफ इन रैक्स को पाकर खुश भी है। सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव कहते है कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर हम और रैक बना सकते है, मरीज के परिजनों के बैठने हेतु सिटिंग चेयर बना सकते है, गार्डन में घास एवं औषधीय पौधों की सुरक्षा हेतु फेंसिंग बना सकते है, कचरे के डिब्बो हेतु स्टैंड बना सकते है। कबाड़ का विविध उपयोग हो सकता है, वेस्ट रीसायकल के सिद्धांत को हम जीवनशैली में लाने के लिये प्रतिबद्ध है।

पन्ना टाईगर रिजर्व में 2 शावको की मौत

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना टाईगर रिजर्व में दो शावको की मौत हो गई। जिससे हडंकप मचा हुआ है, इस संबंध में क्षेत्र संचालक द्वारा जारी प्रेस नोट मे बताया गया कि पन्ना टाईगर रिजर्व परिक्षेत्र अकोला कोर बीट अकोला का कक्ष क्रमांक 391 में एक नर बाघ का शावक नौ नवम्बर को मृत अवस्था में पाया गया। इसी प्रकार एक अन्य नर शावक भी मृत अवस्था में पाया गया है। जिसमे प्रथम द्रष्टया बडे बाघो द्वारा हमला करने से मौत हुई है, दोनो शावको का पोस्ट मार्टम करके जला दिया गया है।

जिपं सीईओ ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया भ्रमण

पन्ना, देशबन्धु। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने शनिवार को अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्र कटर्रा का भ्रमण किया। इस मौके पर यहां उपस्थित बच्चों को मिष्ठान और फल का वितरण कर बच्चों के समुचित पोषण, उचित देखभाल व शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश भी दिए। सीईओ ने बच्चों से आंगनबाड़ी केन्द्र में खेल व रूचिकर गतिविधियों के बारे में पूछा।

खलाड़ियों ने खेल मैदान में दीप जलाकर मनाया दीपावली पर्व

मुलताई, देशबन्धु। नगर के एक्सीलेंस स्कूल ग्राउंड पर शनिवार देर शाम नगर के खिलाड़ियों ने एकजुट होकर दीपावली की पूर्व संध्या पर दीप जलाकर दीपावली की खुशियां मनाई। खेल ट्रेनर अमित कुमार ने बताया कि इस अवसर पर एक दूसरे के साथ खुशियां साझा की गई। इस कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक जितेश पवार, अमित कुमार, रोहित सिंह चौहान, मयूरी परिहार, तनुज पिपरदे, युवराज चौधरी आदि के मार्गदर्शन में नगर के सॉफ्टबॉल, रग्बी और बेसबॉल के खिलाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

मुलताई, देशबन्धु। नेशनल हाईवे 47 पर स्थित मालेगांव के पास शनिवार शाम मुलताई से वापस अपने गांव जाते समय एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते बाइक पर सवार मामा भांजे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। 3 वर्षीय भांजे के सर में गंभीर रूप से चोट आई, जिन्हें राहगीरों ने अपनी कर से तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कोल्हया निवासी वेदांत पुत्र रामदास उम्र 3 वर्ष अपने मामा रोहित पुत्र गुरु उम्र 20 वर्ष के साथ मुलताई दिवाली की खरीददारी करने आया हुआ था, जहा से वापस अपने गांव जाते समय मालेगांव के पास वाहन ने टक्कर मार दी।

कलेक्टर ने मतदाता पर्ची वितरण का लिया जायजा

रायसेन, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायसेन जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने ग्राम कोढ़ी, खनपुरा तथा पग्नेश्वर पहुंचकर बीएलओ द्वारा घर-घर वितरित की जा रही मतदाता पर्ची के कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री दुबे ने स्वयं भी मतदाताओं को वोटर स्लिप प्रदान की। साथ ही आगामी 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से अपने मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए कहा। मतदाताओं को पहली बार क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, राज्य और जिले का हेल्पलाइन नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

जिले में सभी मतदाताओं तक मतदाता पर्ची का वितरण हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा स्वयं इस कार्य की मॉनीटरिंग की जा रही है तथा जिले में भ्रमण कर निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता पर्ची वितरण कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों को मतदान के लिए किया प्रेरित: जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर दुबे के निर्देशानुसार श्रम पदाधिकारी जीएस मेहदेले सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मंडीदीप स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों, औद्योगिक संस्थानों में जाकर कार्यरत श्रमिकों को मताधिकार का महत्व बताते हुए 17 नवम्बर को अपने मतदान केन्द्र जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

भारी भीड जुटी योगी की सभा भी पड़ गई फीकी

प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बन रही है: रोशनी

पन्ना, देशबन्धु। प्रदेश में इस बार बदलाव की ब्यार है कांग्रेस की सरकार भारी बहुमत से मप्र मे कमलनाथ के नेत्रत्व मे बन रही है, इस धर्म यज्ञ में पन्ना जिले की जनता से आहुती डालने का आव्हान कर रही हूं। क्योकि जब पूरे प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो पन्ना जिला भी विकास मे अछूता न रहे है। इसलिए पन्ना जिले की तीनो विधानसभाओं की सीटो को जीताकर भोपाल भेजीये जिससे पन्ना जिले के विकास में भी चार चांद लग सकें। उक्त विचार कांग्रेस पार्टी की प्रदेश महामंत्री तथा स्टार प्रचार रोशनी यादव ने अजयगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पान्डेय के पक्ष में बस स्टैन्ड में आयांजित सभा को संबोंधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार ने 18 साल में मप्र मे सिर्फ भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी की है। योजनाओ में पचास प्रतिशत से अधिक कमीशन लिया जा रहा है। कोरा विकास का ढिडौरा पीटा जा रहा है। सभी लोग एक जुट होकर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताये सभा में हजारो की संख्या में भीड उपस्थित रही जिससे इसके पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में उपस्थित लोगो की संख्या देखकर फीकी पड गई। सभा को कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पान्डेय ने से भी संबोंधित किया तथा कहा कि पन्ना विधानसभा मे भय, भूंख, भ्रष्टाचार को खत्म करेगें तथा आम जनता के लिए दिन रात काम करेगें। जिले मे फैली अराजकता, कुशासन को खतम कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिलेगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है। उक्त सभा में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा भारी संख्या में आम जनता उपस्थित रहें। तत्पश्चात् रोशनी यादव ने खुली जीप में सवार होकर रोड शो किया तथा भरत मिलन पान्डेय के लिए वोट मांगे।

न्यू अप्सरा ज्वेलर्स की ओर से आप सभी नगरवासियों
शुभ दीपावली
यह दीपावली आप सभी के जीवन में सुख एवं समृद्धि लाएं...
विश्वास का नाम 1947 से सेवारत
न्यू अप्सरा ज्वेलर्स की ओर से आप सभी ग्राहकों के लिए निश्चित उपहार
जहाँ विश्वास ही परम्परा हैं
एक बार अवश्य पधारें
न्यू अप्सरा ज्वेलर्स
स्वर्ण, रजत एवं हीरों के आभूषणों के विक्रेता
एक दिव्य कलेक्शन मंगलमय आरंभ के लिए
पता- परकोटा चौराहा, सागर (म.प्र.)
Mob.: 9425172041, 8720040283
अशोक अग्रवाल संचालक
यश अग्रवाल

मतदाता बिना किसी प्रलोभन के मतदान कर विकास में सहयोगी बने: कलेक्टर

सागर, देशबन्धु। लोकतंत्र के महापर्व 17 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदाता मतदान कर प्रदेश के विकास में सहयोग करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिले के सभी मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन के स्वयं के विवेक से अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान लोकतंत्र का महापर्व है और इस महापर्व पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं प्रदेश के विकास में सहभागी बनने के लिए सभी मतदाता बढ़ चढ़कर मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा है कि जो युवा मतदाता, पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग कर वोट डालेगें वे सभी मतदान करें और पूरे प्रदेश में सागर जिले को सर्वाधिक मतदान वाला जिला बनाएं। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

पहली बार मतदाताओं को दी जा रही क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची

सागर, देशबन्धु। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि सागर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचना पर्ची वोटर पर्ची के वितरण का कार्य शुरू हो गया है, जो की अब 14 नवंबर तक चलेगा। जिले के सभी 17 लाख 82 हजार से अधिक मतदाताओं को पहली बार क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता सूचना पर्ची के वितरण का कार्य पूर्णतया की ओर है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

खुरई, देशबन्धु। देहात थाना क्षेत्र के गढ़ौला जागीर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक भीकम पिता हल्कू चढ़ार 38 निवासी गढ़ौला जागीर ने पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन तत्काल युवक को लेकर खुरई सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

दीप पर्व

माटी के लघु दीपक ने,
तम आच्छादित इस जगती पर,
किया है रोशन जगमग जग को।
व्यथा की बातीए ह्रदय की ज्योति,
ऊर्जस्वित मन में सपने संजोए,
राग द्वेष की मिटाई कालिमा,
स्नेह से रोशन किया है जग को।
माटी के लघु दीपक ने,
तम आच्छादित इस जगती पर,
किया है रोशन जगमग जग को।
आशाकिरण के दीप जलाये,
संस्कृति संस्कारों की फसल उगाई।
मधुमय संगीत से मन महकाया,
मनुज ह्रदय में खुशियां लाने,
हर्षित किया है रजनी काली को।
माटी के लघु दीपक ने,
तम आच्छादित इस जगती पर,
किया है रोशन जगमग जग को।
पंच पर्व की महिमा निराली,
पंच तत्व की सृष्टि जगत को,
सबके जीवन में हो उजियारा।
दीपित हुआ घर का कोना-कोना
मां लक्ष्मी गणेश का कर आराधन,
दिया संदेशा विश्व जगत को।
माटी के लघु दीपक ने,
तम आच्छादित इस जगती पर,
किया है रोशन जगमग जग को।

डॉ. सरोज गुप्ता, सागर म.प्र.

भाजपा सेवा के लिए संकल्पित है: यश अग्रवाल

सागर, देशबन्धु। सुरखी विधानसभा में भाजयुमो बिलहरा मंडल द्वारा शक्ति केंद्र के नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया। सम्मेलन में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल ने नव मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी व सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। गोविंद सिंह राजपूत ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग भाजपा की रीति नीतियों से काफी प्रभावित है। इस बार चुनाव में महिलाओं बुजुर्गों के साथ युवाओं में भी भाजपा के प्रति गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सेवा के लिए संकल्पित है। कई योजनाओं के माध्यम से भाजपा की सरकार ने निम्न वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। इस दौरान आदर्श मिश्रा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौरव गर्ग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दीवाली संकल्प लें कि कदाचरण से मुक्त रहें, ईमान की शक्ति से सुकून का पैसा हो, परिवार में सदाचारण हो: बेलिहाज

सागर, देशबन्धु। सागर की साहित्यिक गतिविधियों के मध्य एक ऐतिहासिक स्मरणीय प्रयासों की चर्चा भी बन जाएगी कि सागर ने 1504 वीं गोष्ठी निर्वाध गति से निरंतर क्रम में संपन्न हो गई। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ. नलिन जैन ने अवगत कराया कि प्रति शनिवार दिन के 2. 30 बजे से प्रारंभ होने वाली यह गोष्ठी 4 हफ्ते बाद अपनी 29 वर्ष की यात्रा संपन्न करेगी। शनिवार की गोष्ठी वीरेंद्र त्रिपाठी टीकमगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सागर की कवियित्री डॉ. चंचला दवे के द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से संगोष्ठी की शुरुआत हुई। गोष्ठी के संयोजक बेलिहाज चौबे ने अपने स्वागत भाषण मे दीपावली के पर्व पर सर्व के प्रति मंगल भाव प्रेषित करते हुए कहा कि मां लक्ष्मी कृपा करें, नारायण जी कृपा करें सभी जन स्वस्थ सुखी समृद्ध व यशस्वी जीवन प्राप्त करें। आज हम लक्ष्मी पर्व मना रहे हैं, लक्ष्मी हमारे जीवन की खुशियों का केंद्र है। लक्ष्मी के प्रति हमारी आसक्ति गंभीर है। लक्ष्मी संकलन में हम भूल जाते हैं। सदाचार, संतोष, सच्चाई व ईमानदारी से लक्ष्मी अर्जन की नैतिक शिक्षा। जबकि यह नैतिकता हमारी बेहतर, सुखी व शांति पूर्ण जीवन के लिए आवश्यक है। इसलिए हम धन तो संचित करें पर ईमानदारी से ही अर्जित हो। इस दीपावली हम संकल्प लें कि कदाचार से मुक्त रहें, ईमान की शक्ति व सुकून का पैसा हो, परिवार में सदाचरण रहें। काव्य पाठ करते हुए कहा मैं सोचता रहा हूँ, कि यह काली रात अमावस की, क्यों आदर्श बनीं, सतत् संघर्ष प्रकाश की। आध्यात्म ने कहा कालिमा अन्याय है, प्रकाश न्याय है। तत्कालीन सत्ता ने कहा काली रात अन्याय और अत्याचार का प्रतीक और प्रकाश आशा है। इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु पलामू डालटनगंज से किरण राज, चित्रकूट उत्तर प्रदेश से रामलाल द्विवेदी प्राणेश, खजुराहो से परम लाल तिवारी, पृथ्वीपुर से संध्या साहू सांझी, विनोद वर्मा दर्द तथा कल्याण दास साहू पोषक, रीवा से डॉ बारेलाल जैन, बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी, दमोह से डॉ. प्रेमलता नीलम एवं पुष्पा चिले, खुरई से डॉ. राजेन्द्र मलैया नमन, सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, अनिल जैन विनर, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी पूरन सिंह राजपूत, डॉ. नलिन जैन ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों में लक्ष्मी नारायण चौरसिया, केके सिलाकारी, प्रो. सुरेश आचार्य, डॉ. लक्ष्मी पांडे, डॉ. अनीता कपूर बेंगलुरु, सुश्री ओसीन निर्भीक कोटा राजस्थान, कृष्णकांत बक्शी, डॉ. चंचला दबे, डॉ. शरद सिंह, डॉ. सरोज गुप्ता, कमलेश जैन तिजारा राजस्थान, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, अमित मणीकांत चौबे, डॉ. रघुनंदन चिले, मणिदेव ठाकुर, मुकेश तिवारी, डॉ. विनोद तिवारी, कपिल बैसाखिया, सिराज सागरी, देवकीनंदन रावत, ईश्वर चंद जैन उड़ीसा और राधा कृष्ण व्यास आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे ने आभार व्यक्त किया।

पं. रामशंकर दुबे पंचतत्व विलीन

सागर, देशबन्धु। गोपालगंज निवासी 69 वर्षीय पं. रामशंकर दुबे का शुक्रवार को रात्रि 4 बजे दु:खद निधन हो गया। सायं 5 बजे गोपालगंज मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि पुत्र राहुल दुबे ने दी। दुबे जी डॉ. मुकेश दुबे तथा रमेश दुबे के बड़े भाई थे। अंत्येष्ठि में गोपालगंज निवासी तथा ब्राह्मण समाज गणमान्य लोग बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

सागर, देशबन्धु। मप्र में प्रजातंत्र के पर्व आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु शास. उच्च. माध्य. शाला मुहली में प्राचार्य एन.के श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य पं. महेश दत्त त्रिपाठी के आतिथ्य में मुहली में प्रथम बार सभी 450 छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई तथा सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाए। इस अवसर पर पं. महेश दत्त त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य ने शपथ दिलाई कि सभी विद्यार्थी सुबह शाम अपने पड़ोस में भ्रमण कर मतदाताओं को प्रेरित प्रोत्साहित करेंगे कि वे 17 नवम्बर को सबसे पहले अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाकर मतदान अवश्य करें। इस हेतु माता पिता, भाई बहन, रिश्तेदारों, नातेदारों को मोबाइल संदेश भी देगे।

Kaanha
सभी प्रकार की मिठाईयाँ एवं बेकरी आईटम
केक | फास्ट फूड | नमकीन | पिज्जा | बर्गर | हॉटडॉग | पैटिस
कान्हा स्वीट्स एण्ड बेकरी
शॉप नं. 55, जनपद मार्केट, काली चरण चौहारा, सिविल लाइन्स, सागर
फोन : 9039161317
कान्हा स्वीट्स एण्ड बेकरी
कीर्ती स्तंभ, परकोटा बनवे रोड सागर फोन : 8815549707
कान्हा स्वीट्स एण्ड बेकरी
सेवा हॉस्पिटल के पास में, पद्माकर नगर, मकरोनिया फोन :6261332802

धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनायें
राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त दंपत्ति खुरई
रमेश मधुकर लक्ष्मण सोनी एवं श्रीमति प्रेमवती सोनी

कवि दिलीप गुप्ता की ओर से दिपावली की शुभकामनायें
पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी से पुरुष्कृत राष्ट्रीय कवि
गुप्ता होटल पठार खुरई

श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार
की ओर से दीपावली की शुभकामनायें
वरदान प्लाजा, स्मृतिधाम (गुरहा)मार्केट के सामने, झंडा चौक स्टेशन रोड खुरई
दुकान नं. 2 पंडित केसी शर्मा हाईस्कूल के सामने खुरई
सौ. : मदन भैया एवं समस्त स्टाफ
मोबा.नं. — 9039931072

HAPPY DIWALI
SHIVA CONULTANCY SERVICE
Rakesh Shrivastava
Consultant Engg.
At your service for planning Drawing Designs, eastimating Valuation Supervision and the Civil eng. work
Specially for prestressed work
Rakesh Shrivastava
OFF:- D.K. Complex 1st Floor Station Road, Bina
Ress :- Bhagat Singh Ward, Khurai
Cont. 9926420723, 9806238100

दीपावली पर्व आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश अहिरवाल
डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन दमोह, म.प्र.

शुभ धनतेरस
मोहनानी परिवार
की ओर से
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
मोदी प्रिंटिंग प्रेस खुरई
सुबोध मोदी, संस्कार मोदी

डॉक्टर महेश सिंह अस्पताल खुरई
की ओर से नगर एवं देशवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अर्जुन
पता: अस्पताल मस्जिद के पास खुरई

सराफ परिवार की ओर से
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सराफ कृषि यंत्र अपनाओ, किसान अपने खेतों मे सोना उपजाओ
सभी प्रकार के उत्त्चतम कृषि यंत्रों के निर्माता
मे. सतीश सराफ, मो. 9425452451 982677929 (07581)240501,240751
खिमलासा रोड खुरई

नीरज इंजीनियरिंग वर्क्स
दीपावली की शुभकामनाएं
पशुधन बचाओ मास निर्यात बंद करो
अध्यक्ष अरूण चौधरी
दयोदय गौसेवा जीवन रक्षा पर्यावरण संरक्षण संस्थान खुरई

दीपावली पर्व
की समस्त शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मा. महेश साहू
अध्यक्ष अनाज तिलहन व्यापारी संघ
सौ.- महेश दाल मिल, सागर

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।